हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 28 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



10 महापौर के बाद पंचायतों के भी आरक्षण की बदली गई तारीख





11 बाबा गुरु घासीदास ने समाज में समानता, एकता, भाईचारा व शांति का दिया संदेशः विजय









## खबर संक्षेप

### दो पर जिलाबदर की कार्रवाई

**भिलाई।** जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के तहत अपराधिक गतिविधियों में शामिल इमामबाड़ा कैम्प 02 शीतला मंदिर निवासी मो. इमरान और पचरीपारा दुर्ग हाल मुकाम गुरूद्वारा के पास संतराबाड़ी दुर्ग तेजिंदर सरदार को एक वर्ष के लिए जिले की सीमावर्ती क्षेत्र से बाहर रहने का आदेश किया है। जिला दण्डाधिकारी श्री चौधरी ने एसपी दुर्ग के प्रतिवेदन पर बदमाशों के अपराधिक आचरण प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने और आम जनता में अमन-चैन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हेतु जनहित में जिला बदल की कार्रवाई की गई है। दोनों को जिला दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 23 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने को निर्देश जारी किया गया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना मो. इमरान, तेजिंदर सरदार प्रवेश नहीं कर सकेंगे। मोहम्मद इमरान के खिलाफ छावनी थाना क्षेत्र में 18 प्रकरण दर्ज है। तेजिंदर पर थाना दुर्ग और थाना मोहननगर में अपराधिक गतिविधियों के 9 प्रकरण दर्ज है। दोनों को साल भर के लिए जिला बदर किया गया है।

### सड़क किनारे मटेरियल रखने वाले पर जुर्माना

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत हुड़को क्षेत्र में दिव्या कन्सट्रक्शन स्टील सप्लायर द्वारा सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा था। स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत की गई, जिसके आधार पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चैधरी के निर्देश पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन 1 के अधिकारियो को निर्देशित किए। राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान देखा की दिव्या कन्सट्रक्शन के संचालक द्वारा सड़क किनारे सामग्री रखकर विक्रय किया जा रहा है। नगर निगम का दल पहुचने से पहले ही सप्लायर दुकान बंद करके भाग गया। कार्यपालक मजिस्ट्रेट फुलेश्वरनाथ खुटे, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के उपस्थिति में मौके पर पंचनामा बनाकर बिल्डिंग मटेरियल सामग्री को जप्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर क्षेत्र वार्ड 41 छावनी लक्ष्मण नगर, ट्रान्सपोर्ट नगर पहुंच मार्ग के समीप गुमटियों को पुलिस बल, जोन आयुक्त सतीश यादव की उपस्थिति में बेदखली की कार्यवाही की गई।

### पहली बार पतले धान का मापदंड, अब कस्टम मिलिंग में ही खपेगा

# 37 लाख टन नीलाम करेगी सरकार पिछले पतले धान का भी मंगवाया हिसाब

राहुल शार्मा ⏭दुर्ग

राज्य शासन द्वारा पहली बार (भाजपा) छग में उपार्जित होने वाले करीब 160 लाख मैट्रिक टन धान में 37 लाख टन की फ्री सेलिंग किए जाने की तैयारी है। यही नहीं पहली बार सरकार ने पतले चावल का भी मिलरों से हिसाब लिया है। उन पतले धान से उपार्जित होने वाले चावल को कस्टम मिलिंग में ही खपाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। पिछले दिनों किए गए गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार राज्य शासन पतले धान से चावल बनने का भी खाका पहले ही तैयार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि, सरकारी धान के उठाव में मिलरों द्वारा सबसे पहले पतले धान को ही तवज्जों दिया जाता हैं। इस पतले धान से बनने वाले चावल को मिलरों द्वारा बाहरी राज्यों में बेचकर मोटी रकम कमाई की जाती हैं। जबकि इससे पहले पतला और मोटा चावल लेने का मापदंड नीति में ही नही था। लेकिन इस बार राज्य शासन द्वारा पतले धान का पूरा हिसाब तैयार कर लिया है। निर्देश में कहा गया है कि, इस बार 123 लाख टन धान का निराकरण एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम को किया जाना है। इसमें 37 लाख टन की नीलामी होगी। प्रदेश में 26 दिसंबर 2024 की स्थिति में लगभग 72.44 लाख मे.टन धान का उपार्जन किया जा चुका है एवं उपार्जित धान में 31.05 लाख मे.टन धान का डीओ तथा 14.75 लाख मे.टन धान का टीओ जारी किया जा चुका है।

#### खास बातें

- फ्री सेल के जरिए बाजार में धान बेचेगी राज्य सरकार
- मार्कफेड के महाप्रबंधक ने 26 दिसंबर को जारी किए आदेश
- अरवा और उसना मिल में धान खपने के बाद शेष की होगी नीलामी
- पिछले साल का करीब दस फीसदी पतला धान अभी भी जाम

**प्रदेश में टोटल खरीदी का करीब चालीस फीसदी धान बेचेगी सरकार**



#### पिछले साल का स्टॉक शेष, एफसीआई को आठ लाख टन क्विंटल

गत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश में कुल 144.92 लाख मे.टन उपार्जित धान में से 14.44 लाख मे. टन धान पतले किस्म का है, जो कि कुल उपार्जित मात्रा का लगभग 10 प्रतिशत है। गत वर्ष में पतले धान के आवक अनुपात के मान से इस खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मे.टन में से लगभग 16 लाख मे.टन पतला धान उपार्जन होने की संभावना है। केन्द्र से राज्य को 8 लाख मे.टन उसना चावल जमा करने का आबंटन प्राप्त हुआ है। जिससे लगभग 11.65 लाख मे.टन पतला धान का निराकरण किया जा सकता है एवं शेष 4.35 लाख मे.टन पतला धान का निराकरण नान अरवा के लक्ष्य के माध्यम से किया जा सकता है।

#### पतले धान की टीओ पर लगाया प्रतिबंध

छग राज्य सहकारी विपण संघ मर्यादित के प्रबंधक संचालक द्वारा जारी आदेश के अनुसार संग्रहण केन्द्रों में धान भण्डारण में पतला धान का टीओ जारी नहीं किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा एफसीआई उसना एवं नान अरवा के लिए कस्टम मिलरों के लिए धान का अनुपात इस प्रकार निर्धारित किया जाए कि, जिले में उपार्जन होने वाले संपूर्ण पतला धान का कस्टम मिलिंग के माध्यम से निराकरण किया जा सके। वहीं संग्रहण केन्द्रों में सिर्फ पूराने बारदानें में धान का भण्डारण कराए, ताकि नये बारदानें मिलरों को चावल जमा करने उपलब्ध कराया जा सके एवं पुराने बारदानों में धान का विक्रय किया जा सके। मिलरों को 60:40 के अनुपात में नये एवं पुराने बारदाना देने कहा गया हैं।

#### पतले धान की रूकेगी कालाबाजारी

माना जा रहा हैं कि, केन्द्र सरकार द्वारा राज्य से सिर्फ पतले धान की डिमांड की गई है। क्योकि देशभर में पतले धान की जबरदस्त डिमांड रहती है। जिसका फायदा हर साल मिलर उठाते थे और पतला चावल को कस्टम मिलिंग में जमा करने के बजाय अन्य राज्यों में बेच देते थे। धान खरीदी नीति में बढी खामी यह रही है कि, नागरिक आपूर्ति और उसना चावल के लिए भले ही टारगेट जारी किया जाता था। लेकिन कितने मोटा और पतला इसका उल्लेख नही होता था। लेकिन इस बार राज्य शासन ने सबसे पहले पतले धान को ही एफसीआई और नान में देने के निर्देश दिए हैं।

## मां के लिए दवा लेकर घर आ रहे युवक से लूट, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अपनां मां के लिए मेड़िकल से दवा लेकर घर आ रहे युवक के साथ लूटपाट करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 306 (6) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बंगला नं. 04 , सर्वेंट क्वाटर 32 बंगला निवासी सुरज तांडी 25 दिसंबर की रात अपनी मां के लिए दवा लेने अम्बे मेडिकल सेक्टर 9 गया हुआ था। दवा लेकर घर आते समय अस्पताल सेक्टर सड़क 11 के पास अस्पताल सेक्टर निवासी आर. सैमुवल ,प्लाट न. 201 दया नगर रिसाली जोसवा अब्राहम,ब्लाक न. 03 सड़क 11, अस्पताल सेक्टर आर. सोनू ,राजा ने रास्ता रोकर पीड़ित से मारपीट कर उसके जैकेट के जेब मे रखे मोबाइल, नगदी 1250 रुपये को लुटकर फरार हो गए। घटना की शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई। चारों युवक को पुलिस ने अस्पताल सेक्टर के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। सूचना पर भिलाई नगर पुलिस ने चारो युवकों को संदेह के आधरा पर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने घटना को अंजाम देने स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाइल, नगदी रकम जब्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, टीआई प्रशांत मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

- भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, मोबाइल और नकदी जब्त

## चाइना मांझा से फिर कटा युवक का गला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

चाइना के मांजे से फिर एक युवक का गला कटने का मामला सामने आया है। घटना में युवक का उपतार निजी अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक 25 दिसंबर को कोहका हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी रामेश्वर बेले 36 वर्ष दोपहर करीब 12 बजे अपनी बाइक पर पत्नी नीतू के साथ सेक्टर 7 से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान सुपेला लक्ष्मी मार्केट के पास एक पतंग कटकर आया और बाइक सवार नायलॉन चाइनीज मांझा सीधे रामेश्वर के गले में फंस गया। जिसे पीड़ित हटाने का प्रयास किया लेकिन नहीं हट पाया। नतीजन चाइनीज मांझा रामेश्वर के गले के चपेट में आया और कट गया। गला



से खून निकलता देख पत्नी तुरंत परिजनों को सूचना दिया। उपचार के लिए पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वे दो दिन आईसीयू में रहे। रामेश्वर ने बताया कि उनके गले में गहरा घाव हो गया था और टांके भी लगे है। उन्होंने शासन प्रशासन से नायलॉन चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध लगाने और मौत का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। इसके पूर्व भी चरोदा, दुर्ग में घटना हो चुकी है। बावजूद शासन प्रशासन इस पर प्रतिबंधित नहीं कर रही है।

## गांजा तस्करों और अपराधियों से ताल्लुक रखने वाले चार पुलिस कर्मी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

गांजा तस्करों से संबंध रखने के आरोप में एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने अलग-अलग थाना में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक और तीन आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। इसमें प्रधान आरक्षक 1384 शाहिद खान, आरक्षक 1539 बेदराम बंदे, आरक्षक 1806 तारकेश्वर साहू, आरक्षक 1475 संतोष सोनी शामिल हैं। इन पुलिस कर्मियों का गांजा तस्करों के साथ गहरे संबंध रखना भारी पड़ा है। निलंबन अवधि के दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वहन के लिए भत्ता मिलता रहेगा। एसपी के इस कार्रवाई से भिलाई दुर्ग पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने नशे के सौदागरों से संबंध रखने वाले पुलिस कर्मियों पर जांच के आदेश दिया है। सीएसपी दुर्ग को सात दिनों के भीतर मामले की जांच कर प्रतिवेदन एसपी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। गौरतलब हो कि 26 दिसंबर 2024 को एसपी ने थाना मोहन नगर थाना के अपराध कमांक 660/2024 धारा 20 (बी), 27 (क) नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में प्रधान आरक्षक शाहिद खान वर्तमान तैनाती थाना दुर्ग कोतवाली तत्कालीन तैनाती थाना मोहन नगर, आरक्षक बेदराम बंधे तैनाती थाना मोहन नगर, आरक्षक तारकेश्वर साहू तैनाती थाना मोहन नगर, आरक्षक संतोष सोनी तैनाती (पुलिस चौकी स्मृति नगर) थाना सुपेला की अपराधियों से शामिल पाए जाने पर कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कर्मियों को निलंबित कर पुलिस लाइन तैनात किया गया है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने घटना को गंभीरता से लेते हुए शामिल चारों पुलिस कर्मियों पर कड़ी फटकर लगाते हुए कार्रवाई किया है। इस तरह से अपराधियों के साथ सांठगांठ करने वाले पुलिस कर्मियों को नहीं बख्शे जाने का इशारा कार्रवाई में कर दिया है।

- एसपी ने दिया जांच के आदेश, सात दिनों के भीतर रिपोर्ट देना होगा

#### मुख्य आरोपी को बचाने की चर्चा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोहन नगर के गांजा तस्करी मामले में मुख्य आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गई। बल्कि प्यादों पर कार्रवाई की गई। आज भी तस्कर बेखौफ तरीके से घूम रहा है।

## नो पार्किंग, वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने नो पार्किंग में खडे वाहनों पर कार्रवाई किया है। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि महाराजा चौक से जेल तिराहा तक नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर ऑनलाइन चालान किया गया। ऑटो डील संचालको को सड़क पर वाहन खड़ा ना करने समझाईश भी दी गई। शॉपिंग काम्प्लेक्स, होटल संचालको को बाहर गार्ड तैनात करने, सड़क पर वाहन पार्क ना करने को निर्देश दिए गए। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग लगातार नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर अभियान कार्यवाही की जा रही हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301



**निधन**



**स्व. श्री भरत प्रसाद सिंह**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे छोटे भाई श्री भरत प्रसाद सिंह का निधन दिनांक 24 दिसम्बर को हो गया है।

जिनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर 2024, शनिवार को दोपहर 1:00 बजे से निवास स्थान सेक्टर 4, सड़क 37, क्वार्टर 26 'A' से रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।

- शोकाकुल परिवार :-

कृष्णा प्रसाद सिंह, बलराम सिंह (भाई)
ऋत्विक सिंह (पुत्र), ब्रजेश कुमार सिंह (भतीजा)
राजेश सिंह (भतीजा), राकेश सिंह (भतीजा), जितेन्द्र सिंह


### दो माह बाद युवती की होने वाली थी शादी, सुपेला पोल नंबर 859/18 के पास मिले

# डोली की जगह अर्थी, विवाहित युवक संग युवती की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दो माह बाद युवती की शादी होने वाली थी। जिसकी तैयारी दोनों परिवार में चल रहा था। लेकिन सुपेला रेलवे ट्रैक पोल नंबर 859/18 के पास एक युवक और युवती की ट्रेन से कटी लाश मिली। घटनास्थल से पुलिस को दो मोबाइल भी मिला। जिसमें से एक मोबाइल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया दूसरा मोबाइल युवती का पड़ा मिला। पुलिस को युवती के मोबाइल को खोलने पर लॉक लगा हुआ था। उसके खोल कर पहला कॉल परिवार के लोगों को किया गया। घटना की सारी जानकारी उन्हें दी गई। सुपेला पुलिस ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर मिले लाश का



शिनाख्त बीएमवाई चरोदा राजीव नगर जोन 2 निवासी श्रेया फर्नाडिस 26 वर्ष के रुप में हुई। जो हिमालय कॉम्प्लेक्स आकाश गंगा सुपेला के मोबाइल शॉप में काम करती थी। इसके साथ मिले युवक का नाम ब्लाक 10 रुम नंबर 18 सड़क 11 सेक्टर 9 अस्पताल सेक्टर निवासी राहुल सिंह 30 वर्ष है। जो विवाहित एक बच्चे का पिता है। राहुल फायनेंस का काम करता था। राहुल लव मैरिज शादी हुई थी। रेलवे ट्रैक पर पुलिस को एक स्कूटी भी मिली है जो श्रेया का है। अपने घर से काम पर स्कूटी आना जाना करती थी। श्रेया ने अपनी पसंद से परिजनों को दुर्ग निवासी युवक योगेश से लव मैरिज अरेंज शादी करने वाले थे। दोनों का रिश्ता डेढ़ साल पुराना था। लेकिन श्रेया ने योगेश को राहुल सिंह के बारे में क्लोज फ्रेंड होने की जानकारी दी थी। श्रेया के कहने पर योगेश ने राहुल को ऑनलाइन कुछ पेमेंट भी ट्रांसफर किया था। अब श्रेया और राहुल की लाश रेलवे ट्रैक पर एक साथ मिलने के बाद कई तरह की चर्चाएं सामने आ रही है। घटना को देख लग रहा है दोनों प्रेमी प्रेमिका ही थे। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही पूरी तरह दोनों के रिश्ते के बारे में स्पष्ट हो पाएगा।

#### नवम्बर 2023 को होने वाली थी शादी लेकिन

मृतका का होने वाला पति योगेश ने बताया कि दोनों का लव को अरेंज मैरिज नवम्बर 2023 को होने वाली थी। लेकिन इस बीच उसके यहां एक मौत हो जिसके कारण शादी टल गई। साल भर बाद फरवरी 2025 में दोनों की शादी होने वाली थी। लेकिन इस तरह की घटना होने के बाद योगेश को खुद समझ नहीं आया ऐसा क्यो किया।दोनों की जान पहचान डेढ़-दो साल पहले की है। श्रेया और योगेश दोनों शादी को लेकर काफी खुश थे लेकिन इस तरह का घटना होगा समझ से परे हो गया।बताया तो यह भी जा रहा है कि दोनों एक होटल में साथ में थे उसके बाद गुरुवार को दोनो में विवाद हुआ था। लेकिन इसकी पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है।जांच के बाद ही कारण पता चल पाएगा।

#### आधार कार्ड से शव की शिनाख्त

पुलिस ने बताया कि स्टेशन मास्टर का मेमो आने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त दोनों के आधार कार्ड से किया है। उसके बाद परिजनों को कॉल कर घटना की सूचना दी गई। उन्होंने भी शव का शिनाख्त कर युवती श्रेया और युवक राहुल के नाम से किया। श्रेया और राहुल ने किस कारण इतना बड़ा घातक कदम उठाया है। इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। परिजनों को भी समझ नहीं आ रहा है। जब परिजन मोबाइल शॉप में पूछताछ के लिए गए तो वहां भी राहुल के बारे में बताया गया कि अक्सर श्रेया से मिलने आया करता था। घटनास्थल पर दोनों की लाश इधर उधर पड़ा रहा। पुलिस दोनों के शव को इकठ्ठा कर पीएम के लिए सुपेला मरचूरी में पहुंचाया है। फिलहाल पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा।

#### मर्ग कायम कर जांच में लिया

रेलवे ट्रैक पर युवक युवती की ट्रेन से कटी लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को मरचूरी भेजा गया। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। आधार कार्ड से शव का शिनाख्त किया गया। जांच के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा।

- सुखनंदन राठौर, एएसपी शहर

## खबर संक्षेप



### तुलसी पूजन दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में ग्राम चिखली दुर्ग में ग्रामवासियों के साथ सामूहिक तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात भजन संध्या के साथ हुई। पश्चात सत्संग हुए जिसमें सनातन धर्म, संस्कृति की महिमा बताई गई। धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए वर्षों पूर्व कई लोग शहीद भी हुए आज उसकी गाथा गाई जाती है। सिख धर्म के बच्चे अपने धर्म संस्कृति के लिए बलिदान हुए। बताया गया कि अपने धर्म को जाने उनकी महिमा को पहचाने, किसी भी लालच में न आए, दूसरे धर्म में जाने से अच्छा अपने ही धर्म में मर जाना अच्छा होता है। संत आसाराम बापू की प्रेरणा से देश भर के सभी जगह में तुलसी पूजन दिवस बड़े ही उत्साह से सभी मनाए जा रहे हैं। उसी कड़ी में माता तुलसी की पूजन दिवस मनाया गया। तुलसी माता की पूजन, अर्चना के बाद तुलसी माता की सात परिक्रमा भी किए गए। जरूरत मंद 121 परिवारों को गर्म कम्बल बांटी गई। उसके बाद भोजन भंडारा भी किए समिति द्वारा बताया गया कि बालसंस्कार विभाग द्वारा शीतकालीन छुट्टी में उज्वल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन 28 व 29 दिसंबर को संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में किया जाएगा। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### ग्रामीण विस में तीन कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 03 कार्यो के लिए 15 लाख 69 हजार 390 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पुरई में सीसी रोड वार्ड-2 के लिए 6 लाख 09 हजार 763 रूपए, ग्राम घुघसीडीह में सीसी रोड के लिए 5 लाख 99 हजार 767 रूपए, ग्राम खम्हरिया में सीसी रोड के लिए 3 लाख 59 हजार 860 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### हिट एंड रनः 50 हजार की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने वाहन दुर्घटना में घायल मुकेश कुमार के विधिक प्रतिनिधि उनके पिता तिलक दास वैष्णव को 50 हजार रूपये की प्रतिकर राशि की मंजूरी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार आत्मज तिलक दास वैष्णव उम्र 30 वर्ष 13 सितम्बर 2023 को सेक्टर 05 चौक के पास सेन्ट्रल एवेन्यू रोड भिलाई नगर जिला दुर्ग के पास अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने पर हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटनाओं में घोर उपहति होने की पुष्टि की गई है। कलेक्टर द्वारा मुकेश कुमार के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनके पिता तिलक दास वैष्णव को प्रतिकर राशि 50 हजार रूपए स्वीकृत की गई है।

# पहली बार दिल्ली तक जिला अध्यक्ष का पैनल, आज-कल में घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला भाजपा संगठन के लिए जल्द ही नए अध्यक्ष मिल सकते है। जिला संगठन से पैनलों में नाम जाने के बाद शुक्रवार को रायपुर के प्रदेश कार्यालय में केन्द्रिय पर्यवेक्षक गजेन्द्र सिंह पहुंचे थे। उनके सामने प्रदेशभर के जिला अध्यक्षों के नाम पैनल में आए उस पर दिनभर चर्चा की गई। जिसके बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि, दिल्ली में पैनलों के नाम ले गए है और संभावना है कि, वही से जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा भी कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि, भाजपा जिला संगठन द्वारा पिछले पांच दिन पहले ही सौ से अधिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेताओं के बीच रायशुमारी किए जाने के बाद पैनल तैयार किए गए। रायशुमारी के बाद पैनल में आए दो नाम प्रदेश संगठन को भेजे गए। यहां से नाम प्रदेश में जाने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि एक दो दिन में घोषणा भी हो जाएगी। लेकिन दो नाम के बाद भी संगठन को घोषणा का इंतजार करना पड रहा है। बताया गया कि, शुक्रवार को केन्द्रिय पर्यवेक्षक की अगुवाई में बैठक बुलाई गई। लेकिन अंतिम निर्णय नही लिए जाने के चलते आला नेताओं ने पूरा पलडा केन्द्र के पाले में डाल दिया है। ऐसे में केन्द्रिय पर्यवेक्षक को छग के जिला अध्यक्षों के लिए दिल्ली तक दौड लगानी पडेगी।

## केंद्रीय पर्यवेक्षक ने ली मैराथन बैठक, बात नहीं बनी तो दिल्ली भेजे नाम

### दुर्ग जिला संगठन ने भेजे दो नाम

विगत दिनों जिला भाजपा कार्यालय में रायशुमारी के बाद आए कई नामों में सिर्फ दो नाम का पैनल ही प्रदेश संगठन को भेजा गया हैं। जिला चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी की अगुवाई में चुने गए नामों को प्रदेश संगठन को सौंपा गया। अब देखना है कि, दिल्ली में भेजे गए लिफाफे में किसका नाम सामने आएगा। बहरहाल दुर्ग में ओबीसी बाहुल्यता के चलते ओबीसी कैंडिटेड को तवज्जों देने की परंपरा रही हैं। क्योकि इससे पहले संगठन ने सामान्य पदाधिकारी देने के बाद कोई खास प्रदर्शन सामने नही आया हैं।




### 29 के पहली करनी है जिला अध्यक्ष की घोषणा

जिला भाजपा संगठन द्वारा चुनाव के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम के तहत बूथ, मंडल और अब जिला संगठन के लिए 29 दिसंबर तक चुनाव व घोषणा करने की तिथि तय की गई हैं। ऐसे में संभावना है कि, आज व कल में दुर्ग भाजपा संगठन को नए अध्यक्ष मिल सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि, दुर्ग भाजपा संगठन द्वारा भेजे गए इन नामों की केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा गंभीरता से विचार की जा रही है। जिसमें पूर्व के कार्यकाल, सोशल इंजीनयरिंग व उम्रदराज भी शामिल है। ऐसी चर्चा है कि, दुर्ग में अध्यक्ष पद के लिए ओबीसी पर अंतिम मुहर लग सकती हैं।

**फरमान : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के आने की तारीख भी टली**

# महापौर के बाद पंचायतों के भी आरक्षण की बदली गई तारीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकायो में मेयर और अध्यक्षो के प्रस्तावित आरक्षण की तारीख बदलने के बाद शुक्रवार को पंचायतों का भी आरक्षण टालकर आगामी आठ जनवरी कर दिया गया हैं। वही दूसरी तरफ राष्ट्रीय शोक के चलते केन्द्रिय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी 27 दिसंबर को नही आएंगे। हांलाकि केन्द्रिय मंत्री के यहां आने की नई तारीख जारी नही की गई हैं।

उल्लेखनीय है कि, राज्य निर्वाचन आयोग नगरीय और पंचायत चुनाव के मतदाता सूची तैयार करने से लेकर अब आरक्षण की तारीख में लगातार बदलाव किया जा रहा हैं। इस बदलाव के चक्कर में नेता और जिला प्रशासन लगातार डिस्टर्ब हो रहे हैं। विगत दिनों मेयर और अध्यक्षों के आरक्षण की तारीख 27 दिसंबर निर्धारित थी। जिसे बदलकर सात जनवरी कर दिया गया, वही पंचायत चुनाव का आरक्षण पूर्व निर्धारित 28-29 दिसंबर को शुक्रवार को बदलकर आठ जनवरी कर दिया गया हैं। जानकारी अनुसार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के परिपालन में पूर्व में जारी समय सारणी अनुसार आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित कर दिया है। राज्य शासन के प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश अनुसार तीन जनवरी को सूचना का प्रकाशन किया जाएगा, वही आगामी ग्यारह जनवरी को रायपुर में जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण होगा। जबकि आठ जनवरी को जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के आरक्षण की कार्यवाही एवं अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इस तरह आठ और दस जनवरी के बीच जिले में इन सभी पदों पर आरक्षण होगा। कलेक्टर द्वारा जनपद अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्यों की प्रक्रिया पूरी करेगी। वही एसडीएम द्वारा जनपद सदस्य और सरपंचों व तहसीलदार वार्ड पंच और का आरक्षण करेगें।

## आरक्षण को लेकर लगातार टल रही तारीख, बिगड़ रहा समीकरण

**खास बातें**

- लगातार आरक्षण की तारीख टलने से कार्यकर्ता मायूस
- मतदाता सूची से लेकर आरक्षण तक आयोग बदल रहा तारीख



### जेआरडी स्कूल मैदान में लगेगी पन्द्रह हजार कुर्सियां

शिक्षा विभाग के पास जेआरडी स्कूल मैदान में डोम तैयार किया जा रहा है। इस डोम में पन्द्रह हजार लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएगी। बहरहाल पूर्व पीएम डां मनमोहन सिंह के निधन के चलते राष्ट्रीय शोक के कारण केन्द्रिय मंत्री के आने की तारीख टलने के बाद नई तारीख तय नही हुई है। लेकिन माना जा रहा है कि आगामी तीन जनवरी को वे यहां आएंगे। इस दौरान उनके द्वारा विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी जा सकती हैं।

### निकायों को मेयर के आरक्षण का इंतजार

नगरनिगम दुर्ग के साठ वार्डो में लगातार विकास कार्यो का भूमिपूजन किया जा रहा है। लेकिन लगातार आरक्षण की तारीख टलने से कार्यकर्ताओं में मायूसी हैं। बताया जा रहा है कि, आगामी छः जनवरी को नगरनिगम के पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। ऐसे में दूसरे दिन यानि सात जनवरी को मेयर और अध्यक्षों का आरक्षण होगा। वही चुनाव की तारीख का ऐलान नही हुआ तो प्रशासक को संचालन के लिए नियुक्त किया जाएगा।

# एसीसी सीमेंट में मजदूर की मौत, सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एसीसी सीमेंट प्लांट में 1 अगस्त 2024 आबीद नाम का श्रमीक कार्य के दौरान प्लांट के अंदर विद्युत दुर्घटना के कारण मौत का शिकार हो गया था। जिसको पूर्ण रूप से मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया है। जिला महिला मुक्तिमोर्चा के अध्यक्ष नीरा डहरिया ने कहा कि, मजदूर यूनियन से कई बार बातचीत होने के बावजूद प्रबंधक अपनी तानाशाही अंदाज में मजदूरों को ठेंगा दिखा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्लांट में कार्यरत मजदूरों का 2016, 2018 में हुए समझौता की तरह ही अभी नवंबर 2024 में समझौता होना था । लेकिन जब से ए सी सी होलसिम से ए सी सी अदानी हुआ है तब से समझौता के लिए बातचीत तो दूर उनसे इंसानों की तरह भी बात नहीं कर रहे है। एसीसी जामुल में काम करने वाले परमानेंट मजदूरों को वीआरएस देकर ठेका



मजदूरों से उत्पादन कराने और ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने या उन मजदूरों को निचोड़ने का काम किया जा रहा है। उक्त वीआरएस स्कीम का हम विरोध करते है। वही 30/35 वर्षों से कार्य कर रहे मजदूरों को सीमेंट वेज बोर्ड के तहत नियमित नहीं करना जिसके कारण मजदूरों में भरी असंतोष व्याप्त है। कहा गया कि, समझौता नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधक और शासन प्रशासन की होगी। महिला मुक्ति मोर्चा की ओर से नीरा डहरिया, दशमत साहू, बीना साहू, यशोदा, आरती साहू, अल्फिया खातून ( मृतक आबिद) मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नए पदाधिकारियों ने ली शपथ



**दुर्ग।** लीनेस क्लब भिलाई सेन्ट्रल की नई टीम ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इमिजिएट प्रेसिडेंट ली वर्षा गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट सीएम संपदा की वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल मौजूद रही। उन्होने हमारे संस्कार-हमारी संस्कृति पर जोर देकर क्लब की गतिविधियों का संचालन करने का आव्हान किया। शबाना ने नई टीम की अध्यक्ष कमलेश शर्मा, सचिव रानी,कोषाध्यक्ष खुशबु बनी, टेमर निशा जैन, टेलट्वीस्टर ज्योति बृजपुरिया , ग्रिटर कल्याणी गुप्ता,पीआरओ शिखा ठाकुर को पद की शपथ दिलवाई। एमओसी शिखा और सरिता मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की अनीता तिवारी, ममता गोयल, पदमा अग्रवाल, संजना, उमा राय, उपासना, सविता भटनागर, नीता के अलावा अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिलवाई शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वीप अभियान के तहत जिला एवं निगम प्रशासन की तरफ से आयोजन किया गया। मानव श्रृंखला द्वारा वोटर लिखकर मानस भवन प्रांगण में मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ हीशपथ के माध्यम से संकल्प लिया गया कि वह सौ फीसदी मतदान करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय निकाय आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जाबो जागव वोटर कार्यक्रम अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन की ओर से निकाय चुनाव के लिए में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जमीनी स्तर पर आम नागरिकों, नव मतदाताओं व महिला शक्ति को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

- जाबो जागव वोटर कार्यक्रम के तहत आयोजन






इसी तारतम्य में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को शपथ दिलाकर मतदाताओं को निरंतर जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान एडीएम अरविंद्र एक्का, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, नारायण यादव, चंदन मनहरे, सत्यनारायण शर्मा, अनिता सिंह एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निर्माण श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण 31 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हो गई है। पंजीयन वैधता समाप्त हुए श्रमिक 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे निर्माण श्रमिकों को 31 दिसम्बर तक नवीनीकरण हेतु श्रमेव जयते मोबाईल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र विभागीय वेबसाईट, च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा 31 दिसम्बर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा।

### 12 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** दुर्ग नगर विधानसभा के एक कार्य वार्ड क्रमांक 35 रामदेव मंदिर शिवनाथ नदी रोड स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 12 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# इधर-उधर कचरा डालने वालों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर, चौक-चौराहों पर लगाए जा रहे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर वार्डो में लगातार नागरिकों एवं दुकानदारों को कचरा बाहर न फेंकने की समझाइश दी जा रही है। इस हेतू विभिन्न वार्डों में लगातार कचरा फैलाने वालों पर अर्थदंड की कार्यवाही भी किया जा रहा है। साथ ही साथ वार्ड के मुख्य चौक चौराहों पर सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। जिससे खुले में कचरा फैलाने वालों पर निगरानी रखी जा सके। डोर-टू-डोर कचरा उठाने के अभियान के बीच शहर की मुख्य सड़कों और चौराहों को कचरा डालने वालों की खैर नहीं है। ऐसा करने वालों पर अब तीसरी आंख की



नजर रहेगी। सुबह नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम के कचरा हटाने के बाद अगर कोई भी कचरा डालता है तो उसे जुर्माना लगाया जा रहा है। नगर निगम शहर के 60 वार्ड से डोर-टू-डोर कचरा उठाने का निरन्तर अभियान कर चुकी है। वार्डो के चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से लगातार नजर रखेंगे। कचरा हटाने के बाद भी दिन भर कचरे का ढेर लगा रहता है। इसे देखते हुए आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर सीसी कैमरे लगाने के निर्देश दिया है। इससे गंदगी करने वालो पर नजर रखी जाएगी।

आवेदन आमंत्रित

पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)

अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

**सनातन महासंघ के अध्यक्ष खट्टर ने सनातनियों में भरा जोश**

# सनातनी बनाने बच्चों को वैदिक शिक्षा दें : गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

क्रांतिकारी स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान दिवस के अवसर पर आर्यवीर दल दुर्ग-भिलाई द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा भवन आर्यनगर में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं को सनातन धर्म व संस्कृति की जानकारी के अलावा आत्मरक्षा की कला की सीख दी गई।

- आर्यनगर में सात दिवसीय शिविर का आयोजन

शिविर में दुर्ग संभाग के करीब 100 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। समापन पर शुक्रवार को शिविर में प्रखर वैदिक प्रवक्ता एवं सनातन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम खट्टर शामिल हुए। उन्होने घनश्याम सिंह आर्य कन्या महा. मैदान आर्यनगर में आयोजित राष्ट्रीय चेतना गोष्ठी में चरित्र निर्माण एवं सनातन धर्म की रक्षा को लेकर युवाओं के अलावा अन्य वर्गों का मार्गदर्शन किया। इसके पहले सनातन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम खट्टर मीडिया से रुबरु हुए। उन्होने चर्चा में कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए देशव्यापी अभियान का आगाज किया गया है।



### राज्यभर में चल रहा जागरुकता अभियान

इसके लिए महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती, आर्यसमाज स्थापना के 150वां वर्ष व महान क्रांतिकारी स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान दिवस का 100वां वर्ष से अच्छा कोई अवसर नहीं हो सकता था। अभियान के तहत सभी राज्यों में पहुंचकर चरित्र निर्माण, वैदिक शिक्षा, सनातन धर्म व संस्कृति को लेकर सनातनियों में अलख जगाया जा रहा है। सनातन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम खट्टर ने धर्मान्तरण से जुड़े एक सवाल पर बेबाकी से कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती ने धर्मांतरित लोगों के घर वापसी के लिए दरवाजा खोला था, वही कार्य बागेश्वर धाम के स्वामी धीरेन्द्र शास्त्री महाराज भी कर रहे है।

### बच्चों को दे वैदिक और गुरुकुल की शिक्षा

धर्मांतरण के लिए अब प्रलोभन व लालच गौण रह गया है। सम्मान नहीं मिलने से लोगों में भटकाव की स्थिति पैदा होती है, जो बाद में धर्मांतरण की वजह बनती है। गुरुकुल की स्थापना पर जोर देते हुए सनातन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम खट्टर ने कहा कि हम गुरुकुल खोलने शिविर लगाकर ट्रायल कर रहे है। शिविर में युवाओं को शस्त्र व शास्त्र का प्रशिक्षण दे रहे है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातनियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देना आवश्यक है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा हिन्दूओं को आबादी बढ़ाने से संबंधित दिए गए एक बयान पर श्री खट्टर का कहना था कि श्री भागवत ने कहा है तो यह ठीक है, लेकिन सवाल अब दो से अधिक बच्चे पैदा करने का नहीं है, बल्कि यह है कि बच्चा पैदा करो तो वह क्वालिटी वाला हो। मीडिया से चर्चा के दौरान सनातन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम खट्टर के साथ छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री अवनीभूषण पुरंग, कार्यालय मंत्री रवि आर्य, आयोजन समिति के संयोजक मनोज ठाकरे व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ‘राम-कथा’ मर्यादा त्याग भक्ति व समर्पण के साथ जीवन जीने की कला सिखाती है: शिवानंद

## श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का 7वां दिन, कथावाचक आचार्य शिवानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नगर बाजार चौक कला मंच में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 7वां दिन वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य शिवानंद महाराज ने शुक्रवार को समुद्र सेतु निर्माण, रामेश्वर शिव लिंग स्थापना, लक्ष्मण शक्ति, राम रावण युद्ध, विभीषण राजतिलक, राम राज्य अभिषेक पर व्याख्यान किए।

### आचरण व्यवहार अच्छा रखें

आचार्य शिवानंद महाराज ने कहा कि जगत में कोई परमानेंट नहीं है जीवन आदर सम्मान के साथ जीना चाहिए। आप सादर सम्मान चाहते है तो दूसरों का आदर सम्मान करना सीखो। अहंकार से दूर रहे ,अपने घर की बाते दूसरों से शेयर करने से परहेज करें। खाली हाथ आए खाली हाथ जाना है अपना आचरण व्यवहार अच्छा रखे।





### अच्छे काम का अच्छा नतीजा

आचार्य ने कहा कि अच्छा काम करने का विचार आए तो अविलंब कर लेना चाहिए और बुरे काम मन में आ जाए तो उसे टाल देना चाहिए, क्योंकि अच्छा काम का अच्छा नजीता आता है और बुरा काम का नतीजा बुरा आता है। उन्होंने कहा कि राम कथा सुनने का मतलब जीवन में राम की मर्यादा को जीवन में समाहित करना होता है।

### रिश्तों में आदर्श स्वरूप अपनाए

शिवानंद महाराज ने कहा कि राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न जैसा भाई सीता जैसी भाभी हनुमान जैसा भक्त बनकर देखें, जीवन स्वमेव संवरने लग जाएगा। रिश्तों में आदर्श स्वरूप को अपनाए। राम कथा मर्यादा त्याग भक्ति समर्पण के साथ जीवन जीने की कला सिखाती है। राम लक्ष्मण की झांकी भक्तों को लुभाती रही।

### श्रीरामकथा का समापन आज

28 दिसंबर को 9 से 11 बजे यज्ञ होगा। इसके बाद अन्य समापन कार्यक्रम संचालित होंगे। इस अवसर पर मीरा चंद्राकर , नंदनी साहू, शैलेंद्री मंडवी, पूजा गोस्वामी, भनमती पिंकी शुक्ला, उमा चंद्राकर, मेनका निर्मलकर सुरुचि मधु शाहने, लक्ष्मी वर्मा, मालती साहू, प्रमिला, धनेस्वरी, त्रिवेणी साहू, योगेस्वरी साहू, तमेश्वरी साहू, खेदिन साहू , फेकन साहू, लोमीन साहू , कुमकुम साहू, टेमन साहू, ज्ञान साहू, ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला, मनीष जैन, अंगेश्वर साहू, नरेश केला, रूपेश साहू, पुनीत पटेल, ईश्वरी साहू, कामता प्रसाद साहू, रामकृष्ण साहू, रंभा सागरवंशी, कीर्ति साहू, खिलेश्वरी साहू, पीलेश्वरी साहू, उर्मिला साहू, तामेश्वरी साहू, उमेश्वरी यादव आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मुड़पार में आज से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**सेलूद।** समीपस्थ ग्राम मुड़पार में जय छत्तीसगढ़ क्रीड़ा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी मुड़पार के तत्वावधान में 28 दिसम्बर को शाम 6 बजे से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला दुर्ग अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, भाजपा महिला मोर्चा दिव्या कलिहारी, दुर्ग विशिष्ट अतिथि भाजपा मध्य मंडल पाटन पूर्व अध्यक्ष खेमलाल साहू, पूर्व भाजपा उत्तर मंडल पाटन लोकमणी चन्द्राकर, हरप्रसाद आडिल, डॉ. टीआर यादव, पाटन सरपंच किशन भारती, भोजराम यादव उपसरपंच ग्राम पंचायत मुड़पार, प्रधान पाठक मुड़पार महेन्द्र कुमार साहू होंगे।

### ओडारसकरी में मेला आज

**अंडा।** ग्राम ओडारसकरी मंडई मेला 28 दिसंबर को रखा गया है। इस अवसर पर नाच पार्टी रखल्लारी (डौंडी लोहारा) पूजा के फूल का कार्यक्रम रखा गया हैं। 29 दिसंबर को एक दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता रखा गया हैं। बाजार ठेकेदार महेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिन्हा, बरसाती यादव, लोमेश ठाकुर,भीषम धनकर, जीतेन्द्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

## निधन

### हितेंद्र सिंह



**भिलाई।** सड़क 18 स्मृति नगर निवासी हितेंद्र सिंह का 58 वर्ष की आयु में 26 दिसंबर को निधन हो गया। वे स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. केके सिंह के सुपुत्र तथा संस्था के वर्तमान उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के बड़े भाई थे। अंतिम संस्कार 28 दिसंबर को 11 बजे उनके निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी ।

### समा खान



**दुर्ग।** दुर्ग कसारीडीह निवासी समा खान पति मेहंदी खान 52 वर्ष का निधन 27 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। वे अपने पीछे दो बच्चे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई।

### के के सुमत्यम्मा



**भिलाई।** रविंद्र निवास कुरूद रोड कोहका निवासी केके सुमत्यम्मा (79) का शुक्रवार की दोपहर निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर शनिवार को सुबह 11 बजे पुरी आईटीआई के समीप स्थित निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पुत्र केआर सुधीर, केआर संतोष और बेटी संध्या सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

### रीना लिलवानी




**भिलाई।** सिंधी कॉलोनी रायपुर नाका निवासी रीना लिलवानी का शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 28 दिसंबर को 11 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. टीकम दास लिलवानी की बेटी मनोहर एवं हीरानंद की भतीजी एवं महेश, अनिल, विक्रम, मनीष, करण एवं योगेश की बहन थीं।

## आयोजन : गोंडपेंड्री में गुरु घासीदास जयंती पर एक दिवसीय पंथी नृत्य स्पर्धा

# बाबा गुरु घासीदास ने समाज में समानता, एकता, भाईचारा व शांति का दिया संदेश: विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



गोंडपेंड्री में गुरु घासीदास जयंती पर एक दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं बाबा की जयंती का कार्यक्रम हुआ। पंथी नृत्य प्रतियोगिता के पूर्व सतनाम शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें धर्म गुरु युवराज नसी साहेब रथ में सवार होकर शोभायात्रा में उपस्थित रहे। गुरु नसी साहेब का जगह-जगह पुष्पमाला के साथ ग्रामीणों ने स्वागत किया। साथ ही जय सतनाम बाल अखाड़ा नाईट किंग नवापारा राजिम एवं डीजे साउंड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

मुख्यातिथि विजय बघेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में समानता, एकता, भाईचारा, शांति, समरसता और सद्भावना के प्रतीक थे। बाबा गुरु घासीदास ने लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकार ने भी संबोधित किया। धर्म गुरु, युवराज , गुरु नसी साहेब का सतनाम शोभायात्रा यात्रा में।

शामिल होने से पाटन क्षेत्र व दुर्ग जिले के सैकड़ों की संख्या में लोग सतनाम शोभायात्रा यात्रा में। उपस्थित रहे। सादा तूहर रहन सहन सादा तूहर खान पान सत्य के रस्ता में चलइया तुमन सतनामी आव , दुनिया में तुहर अलग पहचान गुरु नसी साहेब उपरोक्त आशीष वचन सतनाम शोभायात्रा में व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने आगे कहा कि गिरौदपुरी धाम में बाबा का दर्शन करने के लिए दुनिया भर के लोग दर्शन करने आते है। बाबा गुरु घासीदास ने अपने ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा तथा लोक कल्याण के लिए किया। कार्यक्रम का आयोजन जय सतनाम युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष रामनाथ पप्पू गायकवाड , उपाध्यक्ष सुखेन्द्र जांगड़े , कोषाध्यक्ष अमित कुमार देशलहरे , सचिव भूपेंद्र , पुरुषोत्तम देशलहरे , देवेंद्र बंजारे , सुखेंद ,हेमलाल गायकवाड, रेखराम ख़ुटयारे,चंद्रशेखर जोशी , सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विजेता हुए पुरस्कृत

पंथी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम जय सतनाम सुरता के संगवारी मूंदगांव, द्वितीय लोकधारा पंथी पार्टी अहिवारा , तृतीय सत के उजागर पंथी पार्टी थनौद एवं चतुर्थ स्थान पर सतनाम पंथी नृत्य दल सारखी को दिया गया। इसी तरह महिला वर्ग से प्रथम सफुरा माता पंथी पार्टी उमरपोटी, द्वितीय सत के अंजोर बालिका पंथी पार्टी छाती, तृतीय सतनाम अमर ज्योति पंथी पार्टी दौर, एवं चतुर्थ स्थान जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी साल्हेवारा को मिला। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य ओम टंडन, अध्यक्षता सरपंच निलेश गनिर, विशेष अतिथि समाजसेवी संजय साव, समाजसेवी अमोल दास टंडन, समाजसेवी शीतल कोठारी, कुमार भाई टांक, वादशाह भाई टांक थे। संजय साव ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबाजी के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज में शांति , भाईचारा के साथ बड़े से बड़े कार्य किया जा सकता है। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्यातिथि सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर, जनपद सदस्य देवेन्द्र त्रिवेणी बंजारे, सरपंच निलेश गनीर, पूर्व जनपद सदस्य चंद्रवती कुर्रे, दिनेश दम्मानी, उमेश शर्मा, परिक्षेत्रीय सतनामी समाज सेलूद के अध्यक्ष दिलीप कुर्रे, कुणाल सोमानी, संजय अग्रवाल, बीबी सिंह, अक्षय जैन, पंकज चंद्राकर विशेष अतिथि थे।

### बाबा गुरु घासीदास का संदेश प्रासंगिक: अशोक

■ डिडगा में मनाई गई संत शिरोमणि व बाबा गुरु घासीदास जयंती

**पाटन।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासी डिडगा ने संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई। गुरु पर्व जयंती में प्रमुख रूप से जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सभापति रमन टिकरिहा , जोन प्रभारी सोहन जोशी,भविष्य जैन शामिल हुए। सभी ने गुरुगद्दी,बाबा जैतखाम, बाबाजी के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किए। गुरु घासीदास संदेश सत्य,अहिंसा,समानता,मानवता का अनुशरण करते हुए जीवन कृतार्थ करना चाहिए। पंथी पार्टी द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र बंजारे,फगुवा राम चतुर्वेदी, कृपाल बंजारे, पूर्व सरपंच संतोष पटेल ,विष्णु वर्मा, तामेश्वर बांधे, अनिरुद्ध जोशी, गौतम बंजारे, राकेश बांधे, सनत बांधे, दशरथ जोशी, कृष्णकुमार गायकवाड़, श्रीराम चेलक,सावित्री बंजारे,संतोषी बंजारे,गया बाई चतुर्वेदी,दुलारी बांधे सतनामी समाज सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## कभी धमधा में हर घर में था कांसा उद्योग

# लोटा बनाने की कला विलुप्ति की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



ऐतिहासिक नगर धमधा की धातु शिल्प कला कांसा उद्योग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुत किया गया। पुरातत्व विभाग द्वारा महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर में हुई धमधा पर चर्चा ,ऐतिहासिक और पुरातात्विक नगर धमधा की धातु शिल्पकला- कांसा उद्योग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि धमधा में पहले घर-घर में कांसा-पीतल के बर्तन बनाने के लघु एवं कुटीर उद्योग होते थे। कांसा के बर्तन और लोटा कई पीढ़ियों तक इस्तेमाल किया जाता था, उन बर्तन में भोजन करने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी पूरी हो जाती थी। कांसा उद्योग अंतिम सांस ले रहा है और विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने इस शोधपत्र के माध्यम से इस उद्योग को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया। छत्तीसगढ़ शासन के पुरातत्व विभाग द्वारा राजधानी के महंत घासीदास संग्रहालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्राचीन छत्तीसगढ़ में कला और वास्तुकला विषय के अंतर्गत 44 शोधपत्र प्रस्तुत किये गए। जिसमें धर्मधाम गौरवगाथा समिति से रत्ना गोविन्द पटेल व सामर्थ्य ताम्रकार ने धमधा की धातुशिल्पकला-कांसा उद्योग पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने चलचित्र के माध्यम से कांसे के लोटा बनाने की पूरी प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने संगोष्ठी में बताया कि छत्तीसगढ़ में धमधा को ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के लिए जाना जाता है, परन्तु धातु शिल्प कला के क्षेत्र में भी धमधा की अमिट पहचान थी। खासकर कांसे के बर्तन देश ही नहीं अंतराष्ट्रीय स्तर भी अपनी पहचान बना चुका था। यहां बना कांसे का लोटा धमधा नमूना के नाम से जाना जाता था। धमधा एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र था, जहां कांसा, पीतल और तांबे से संबंधित लघु एवं कुटीर उद्योगों की संख्या बहुत अधिक थी। यहां के तमेर समाज (ताम्रकार) के लोग कांसा और तांबे के बर्तन बनाने में सिद्धहस्त थे। तांबा, पीतल और रांगा को गलाकर कांसे से बर्तन बनाने की कला काफी प्रसिद्ध थी। कांसे से लोटा, थाली, गिलास, कटोरी इत्यादि बनाने के साथ ही ये कलात्मक चीजें भी बनाते थे। ये बर्तन न केवल टिकाऊ और मजबूती के कारण अधिक उपयोग में किये जाते थे।

## अंचल की खबरें

### दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन आज से



**अंडा।** नवयुवक उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी अछोटी के तत्वावधान में दो दिवसीय हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक जय गुरूदेव संकीर्तन परिवार, कुड़ेरा दादर गरियाबंद कामता प्रसाद शरण महाराज 28 व 29 दिसंबर को 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक स्थान सांस्कृतिक कला मंच प्रांगन ग्राम अछोटी में होगा। यह जानकारी मधु साहू ने दी।

### करगाडीह में गुरु घासीदास जयंती आज

**उतई।** भंडारी सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी करगाडीह के संयुक्त तत्वावधान में गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती समारोह का आयोजन 28 दिसंबर को किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष मनीष सोनवानी ने बताया कि दोपहर 2 बजे प्रभात फेरी, तदपश्चात पंथी नृत्य ग्राम धमना द्वारा,शाम 4 बजे ध्वजारोहण उसके बाद अतिथि आगमन स्वागत समारोह। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा विधायक ललित चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़ करेंगी। विशेष अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग सभापति राकेश हिरवानी,वृहताकार सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, सरपंच घनश्याम गजपाल आदि मौजूद थे।

# कबड्डी हमें टीम वर्क, अनुशासन और साहस के महत्व को सिखाती है: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ भरदा में आयोजित एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता



दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम भरदा (कोनारी) में न्यू शिवाजी क्रीड़ा मंडल के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। भगवान हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 30 टीम ने हिस्सा लिया और अपने अपने खेलों का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम को ट्रॉफी के साथ पुरुस्कृत किया गया। प्रथम पुरुस्कार चिंगराज पारा बिलासपुर द्वितीय, उत्साही क्रीड़ा मंडल भिलाई तृतीय,जय मां दन्तेश्वरी क्रीड़ा मंडल खैरागढ़, चतुर्थ अर्जुन दल भिलाई ने प्राप्त किया ट्रॉफी और नगद राशि से सम्मानित किया गया। चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी एक ऐसा खेल है, जो हमारे देश की संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह खेल हमें टीम वर्क, अनुशासन और साहस के महत्व को सिखाता है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंत देशमुख , जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख , अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख , नारायणन साहू , बसंत देशमुख , ताम्रध्वज देशमुख , जयप्रकाश भारदीय , पोषण ठाकुर (सरपंच), गजेंद्र यादव (उपसरपंच) , ताम्रध्वज देशमुख,टोकेश्वर देशमुख, नारायण साहु , सुमेंद्र निषाद जल, गणेश ठाकुर शुभम देशमुख ,लीलाधर भारदीय , देवा देशमुख, पुष्कर यादव , गिरधर शभ अजय हुमबे ,झम्मन दिल्लीवार, होल्कर पारकर ,संतोष मानिकपुरी , पीएन सार, सुरेश जंघेल, समारु राम निषाद, और बसंत देशमुख आदि उपस्थित थे। यह जानकारी बेस्ट खिलाड़ी ताम्रध्वज देशमुख ने दी।

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202409102700019/
अ-74/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका गंगाबाई पति बांकेलाल निवासी ग्राम सुखरीकला, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ०ग० द्वारा ग्राम सुखरीकला, प.ह.नं. 02, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 744, 745 रकबा क्रमशः 0.06, 0.05 हे. जोकि आवेदिका गंगाबाई पति बांकेलाल के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्यूज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 07.01.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी, तहसील बोर
जिला दुर्ग (छ.ग.)

### उतई में मेला की तैयारी शुरू

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण के एकमात्र नगर पंचायत उतई का मड़ाई मेला का आयोजन 10 जनवरी को रखा गया है। मंडई मेला का पूरी तैयारी नगर उत्सव समिति के अध्यक्ष राकेश साहू द्वारा कर किया गया है। व्यापारियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो उसका भी ख्याल रखा गया है। जिसमें रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग सरोवर बारूका गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर होंगे। यह जानकारी पार्षद राकेश साहू ने दिया।

## बिजनेस साइट

# स्वदेशी अपनाएं, देश बचाएं



**भिलाई।** स्वदेशी अपनाएं देश बचाएं अभियान के तहत स्वदेशी खादी महोत्सव में हर वर्ग के लिए स्वदेशी खादी वस्त्रों का एक से बढ़कर एक नयाब कलेक्शन लाया गया है, जो देश की सम्भ्रांत व्यक्तियों के अलावा युवा पीढ़ी को अपनी तरफ लुभा रहा है। खादी की विशेष आकर्षण छूट को देखते हुए युवा पीढ़ी का रुझान एक बार पुनः खादी की तरफ देखने को मिला, यह नजारा सिविक सेंटर वेल्डेक्स मैदान में लगे स्वदेशी खादी महोत्सव का है जहां सिर्फ और सिर्फ सिलाई के दाम में ही खादी शर्ट, कुर्ते इत्यादि बुनकरों द्वारा दिया जा रहा है, क्योंकि काफी किफायती और सस्ता होने की वजह से युवा पीढ़ी की एक लंबी रुझान खादी के प्रति देखने को मिली यह देश और युवा पीढ़ी के लिए एक अच्छा संकेत है।






## खबर संक्षेप

### खम्हरिया में घासीदास जयंती व मड़ई मेला कल

**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में 29 दिसंबर को घासीदास जयंती समारोह और मड़ई मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी भारती, उपाध्यक्ष प्रवीण गायकवाड़, कोषाध्यक्ष गंगा प्रसाद भारती, सचिव राजेश टंडन ने बताया कि 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। शाम 4 बजे ध्वजारोहण होगा। इसके बाद मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात 9 बजे से बच्चों का रंगारंगा कार्यक्रम, पंथी नृत्य का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायर रिकेश सेन, नवीन स्कूल के प्राध्यापक डॉ. अमरनाथ शर्मा, भारती कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. सुचित्रा शर्मा, सतनामी समिति के बुधराम भारती प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजन में पूरा गांव शामिल होगा। आयोजन में पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है।

### आज ग्राम अछोटी में गुरु घासीदास जयंती

**अंडा।** ग्राम अछोटी में 28 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती संध्या 4 बजे मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम की मुख्यतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू , अध्यक्षता क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, विशेष अतिथि पूर्व सेवा सहकारी समिति कुथरेल अध्यक्ष बिरेंद्र दिल्लीवार, शिवनारायण दिल्लीवार,गांव के सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, उप सरपंच युवराज निर्मलकर, पंच लखन टंडन, राजू टंडन, और सतनामी समाज से एनेश कुमार सूर्यवंशी आदि मौजूद रहेंगे।

### टाउनशिप में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024-2025 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मेंटेनेंस कार्य के लिए बिजली आपूर्ति सुबह 10 से 1.30 बजे तक बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:- 28 दिसम्बर को मरोदा सेक्टर, 30 को सेक्टर-10, 31 को सेक्टर 6 का एक तिहाई हिस्सा, रसियन कॉम्पलेक्स व बीएमडीसी1 जनवरी को से.-7 का आधा हिस्सा व से. 2 जनवरी को से.6 का एक तिहाई हिस्सा व सेक्टर-2 का आधा हिस्सा, 3 जनवरी को से.6 का एक तिहाई हिस्सा तथा 4 जनवरी को खुर्सीपार जोन 2 व 3 शामिल हैं।

## निधन

### मनीषा कुलकर्णी

**भिलाई।** भिलाई सेक्टर-9 निवासी



मनीषा कुलकर्णी उम्र 90 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार के लिए 28 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे ,भिलाई सेक्टर 9 निवास स्थान - 4 A, सड़क 8 से रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेंगे। वे अपने पीछे महेंद्र कुलकर्णी, मंगेश कुलकर्णी और मंजूषा मार्डीकर की मां तथा हेमंत मार्डीकर की सास थीं।

# दुर्ग संभाग में अलर्ट जारी, तीन दिन तक रहेंगे बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मौसम में बड़ा उतार-चढ़ाव होने जा रहा है। पिछले दो दिनों से आसमान पर छाई बदली और धूप ने ठंड को काफी कम कर दिया है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों में बारिश की संभावना जताई है। इस हिसाब से तापमान में भी व्यापक गिरावट आ सकती है। विभाग ने दुर्ग संभाग सहित 11 जिलों में एलर्ट जारी किया है। जहां तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

**2 से 8 डिग्री तक गिरेगा तापमान**

### पश्चिमी विक्षोभ का ऐसा प्रभाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 68 डिग्री पूर्व और 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है। जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है।प्रदेश में कल 28 दिसंबर को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



### 29 से वर्षा की बन रही स्थिति

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग संभाग सहित प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण 29 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 27 और 28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ में तथा 28 और 29 दिसम्बर को दक्षिण छत्तीसगढ में वर्षा होने की सम्भावना है ।29 दिसम्बर से प्रदेश के न्युनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना है ।

### एक से शीतलहर की चपेट में छत्तीसगढ़

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है ।2 जनवरी को भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश के मध्य और उत्तर में ठंड का पीक शुरू होगा। इसी के साथ ही प्रदेश के अधिकांश भाग में न्यूनतम तापमान में 6-8 डिग्री तापमान में गिरावट आ सकती है। 3 जनवरी को बस्तर के जिलों में ठंड का पीक रहेगा।

**दिन व रात में भी गर्मी बढ़ी:** मौसम के हालात इन दिनों अजब-गजब सा है। दिन में अचानक धूप निकल आती है और बदली छा जाती है। ऐसा लगने लगता है कि बारिश हो जाएगी लेकिन कुछ देर बाद बादल छंट जाते हैं। शाम और रात को भी ठंड गायब सा है। लोगों की रातें केवल एक चादर में गुजर रही है। कंबल का उपयोग करना बंद हो गया है। स्वेटर और गरम कपड़े के बिना ही काम चल रहा है।

## अटलजी के साथ डा. रमन व प्रेमप्रकाश के आमंत्रण पर सहर्ष आए थे भिलाई

# जब भीषण गर्मी में मनमोहन ने किया टेक्निकल यूनिवर्सिटी का उद्घाटन

विमलशंकर झा ⏭ भिलाई

हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी,कितने सवालों की आबरु रख ली...।अपने सहज, विनम्र व्यक्तित्व और अदबी शेरो शायरी की हाजिरजवाबी के लिए प्रसिद्ध आर्थिक सुधारों के जनक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डां. मनमोहन सिंह के अवसान से पूरा देश गमगीन है। देश को प्रगति के राजपथ पर अग्रसर करने के साथ गरीबों को रोजगार व नौनिहालों को शिक्षा का हक दिलाने और शासन को जवाबदेह बनाने में अहम किरदार निभाने के लिए उन्हें देश दुनिया उन्हें सदैव याद रखेगी। इस्पात नगरी यह यादकर गौरवान्वित है कि अपने दस साल के प्रधानमंत्रित्व काल में देश को कई सुधार देने वाले डां. मनमोहन सिंह का भिलाई से गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने बतौर पीएम भिलाई को स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय की नेमत दी थी। देश को वित्तीय संकट से उबारकर आर्थिक उदारीकरण की राह पर ले जा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, डायरेक्ट बेनफिट ट्रांसफर,आधार, सूचना व शिक्षा का अधिकार, अर्थ व्यवस्था को मजबूती, अमरीकी परमाणु डील, और कृषि ऋण माफी जैसे सुधारों से अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान देने वाले 2004 से 14 तक पीएम रहे डां. मनमोहन सिंह का भिलाई के विकास में भी अवदान रहा है। औद्योगिक नगरी की प्रगति में अग्रगामी भूमिका निभाने वाले प्रदेश में 4 दशक से सियासत में सक्रिय भिलाईनगर के 4 बार विधायक, 3 मर्तबा मंत्री रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के भरसक प्रयास से 2005 में भाजपा शासनकाल में यहां आईआईटी की तरह स्वामी तकनीकी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। भाजपा शासनकाल में सीएम डां. रमन सिंह के साथ तत्कालीन स्पीकर श्री पांडेय की भी इच्छा थी कि यूनिवर्सिटी का उद्घाटन और भवन की आधारशिला डां, मनमोहन सिंह जैसे लोकप्रिय व्यक्तित्व के करकमलों से हो।

**शिक्षाविदों और पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश ने किया याद**





### एक मंच पर दिखे थे कांग्रेस व भाजपा नेता

पूर्व केबिनेट मंत्री श्री पांडेय बताते हैं कि पूर्व पीएम अटलजी के साथ हमारे आमंत्रण को पीएम डां. सिंह ने पूरा सम्मान दिया और सहर्ष भिलाई आए। एजूकेशन हब व भिलाईयंस की तारीफ भी की। यह भिलाई का पहला सुयोग था जब बीएसपी की बुनियाद रखने वाले पीएम पं. नेहरु के बाद स्व. सिंह के रुप में कोई दूसरा प्रधानमंत्री किसी सरकारी संस्थान की नींव रखने भिलाई आया हो। तीस अप्रेल 2005 को जयंती स्टेडियम मैदान में गरिमामय समारोह में पीएम स्व. सिंह ने टेक्निकल यूनिवर्सिटी की बुनियाद रखी थी। छग में भाजपा व केंद्र में कांग्रेस सरकार के सुखद संगम की सौगात के हजारों की मौजूदगी के इस ऐतिहासिक समारोह में मानव संसाधन मंत्री मंत्री प्रियरंजन दास मुंशी, केंद्रीय मंत्री मोतीलाल वोरा,अंबिका सोनी, राज्यपाल कृष्णमोहन सेठ, सीएम डां. रमन सिंह, स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय, उच्च शिक्षा मंत्री अजय चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, उच्च शिक्षा सचिव श्रीमती पारकर,विवि के वाइस चांसलर डां. बीके स्थापक उपस्थित थे। सेना के स्पेशल प्लेन से आए पीएम ने 2 घंटे के समारोह में भिलाई के मेलमिलाप, एजूकेशन व देश की प्रगति पर 17 मिनट का भाषण दिया था। भीषण गर्मी में एसीनुमा हाईकेफासिटी कूलर अटैज्ड वीवीआईपी लाउंच में चाय बिस्किट के दौरान उमस को भूल कांग्रेस व भाजपा नेताओं से सहज घुलमिलकर कर बतिया रहे थे। श्री पांडेय ने भिलाई आगमन के लिए उनके प्रति आत्मीयता से कृतज्ञता जाहिर की थी।

### शिक्षाविदों ने कहा- विजन से हुआ विकास

पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह से भिलाई आगमन पर बतौर शिक्षाविद मिले शहर के शिक्षाधिकारियों को उनकी विनम्रता, सहजता, विद्वता और ईमानदारिता ने खासा प्रभावित किया। वे देश की मौजूदा प्रगति के पीछे उनके प्रधानमंत्रित्व काल में किए उनके आर्थिक सुधारों को श्रेय देते हुए निधन को अपूरणीय क्षति बताते हैं। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि भिलाई के प्रभारी वीसी सच्चिदानंद शुक्ला बताते हैं कि हमें गर्व है कि हमारी विवि का उद्घाटन व भवन का शिलान्यास एक बड़े अर्थशास्त्री रहे पीएम ने किया था। तकनीकी विवि के पूर्व कुलपति व वर्तमान में पालीटेक्निक कालेज दुर्ग के प्रिंसिपल प्रकाश पांडेय बताते हैं कि विश्वविद्यालय का अत्यधिक गरिमामय उद्घानटन समारोह इसलिए भी संदेशपरक था कि प्रदेश की भाजपा व केंद्र की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दोनों पार्टी के नेताओं की मौजूदीग में भिलाई को विवि का उपहार मिला था। स्व. सिंह ने यदि अपने समय आर्थिक सुधारों को गति नहीं दी होती तो संकट के दौर से गुजर रहे हमारे देश की भी आर्थिक स्थिति पड़ोसी मुल्कों की तरह बदहाल होती। हमने एक सौम्य और बड़ा आर्थिक सुधारक खो दिया है। पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय भिलाई के पूर्व क्षेत्रीय समन्वयक डां. डीएन शर्मा बताते हैं कि पीएम रहे डां. सिंह के विजन बड़ा था। उनके आर्थिक सुधारों के साथ शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार जैसे कानून क्रांतिकारी थे। असिस्टेंट रजिस्ट्रार भास्कर चंद्राकर बताते हैं कि पूर्व पीएम डां. सिंह के विवि के उद्घाटन उनके देशव्यापी योगदान की तरह विवि परिवार हमेशा याद रखेगा। पूर्व साडा उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह बताते हैं कि प्रशासन के उदघाटन कार्यक्रम की तैयारी भाजपा व कांग्रेस दोनों मिलकर सहयोग दिया था। दस साल का डां.मनमोहन सिंह का कार्यकाल देश के चहुंमखी विकास के लिए याद किया जाएगा। सभी दलों में लोकप्रिय स्व, मितभाषी तो थे लेकिन हाजिरजवाबी भी थे। उनके संसद में केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के आरोप पर शायराना अंदाज में दिया जवाब देश को अब तक याद है- माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, मेरा शौक देख मेरा इंतजार तो देख।

### विजय बघेल व पांडेय ने बताया सौम्य व महान आर्थिक सुधारक

सांसद विजय बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सरल, सहज, अत्यंत धीरज रखने वाले एक महान अर्थशास्त्री थे। योगदान देश कभी भूल नहीं पाएगा। उन्होंने अपनी बुद्धिमता और दूरदर्शिता से देश और पूरे विश्व को आर्थिक संकट से उभारने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें हमेशा एक महान, ज्ञानी और दूरदर्शी राजनेता के रूप में याद किया जाएगा। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन का जाना देश के लिए दुखदायी है। वे एक उन्हें देश आर्थिक उदारीकरण के दौर में एक बडे आर्थिक सुधारक और सौम्य सरल व नेक इंसान के रुप में याद करेगा। सभी को साथ लेकर नेतृत्व करने क कला जानते थे।

### ताम्रध्वज से कहा- अपूरणीय क्षति

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने डॉ मनमोहन सिंह के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि आर्थिक सुधारों के लिए देश उन्हें हमेशा याद किया करेगा। पूर्व पीएम के निधन बाद कर्नाटक में सीब्ल्यूसी की बैठक से लौटे सभी कार्यक्रम रद्द करने के बाद साहू ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में विभिन्न पदों पर रहने वाले डॉक्टर सिंह सादगी के मूर्ति थे। उन्होंने कहा कि स्व, सिंह का दस साल का पीएम का कार्यकाल देश के विकास व संगठन को सुदढ़ करने के लिए याद किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पाटन विकासखंड के शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय में प्राचार्य के निर्देशन पर विद्यालय के पांच छात्र एवं ललित किशोरी साहू व्याख्याता ने यह सफलता हासिल की है। इनके द्वारा बनाए गए पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। इसके लिए विप्रो अर्थियन अवार्ड 21 फरवरी 2025 को बेंगलुरु में दिया जाएगा। साथ ही विद्यालय को 50 हजार की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में शामिल होने के लिए विद्यालय के छात्र पहली बार हवाई जहाज से यात्रा करेंगे। चयनित व्याख्याता ने बताया कि सीसीई द्वारा कचरा एवं सस्टेनेबिलिटी, जल एवं सस्टेनेबिलिटी, जैव विविधता एवं सस्टेनेबिलिटी पर प्रोजेक्ट रिसर्च व आवेदन मंगाए गये थे। विद्यालय के छात्र डोमेन्द्र साहू, थनिला साहू, नीरज निर्मलकर, भूमिका एवं संध्या साहू ने ललित किशोरी साहू व्याख्याता के मार्गदर्शन में जैव विविधता एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सीईई लखनऊ को भेजी थी। वहां पर चयनित होकर इसे राष्ट्रीय स्तर पर भेजा गया। वहां विद्यालय का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। विद्यालय परिवार सीईई के सभी सदस्य एवं जूरी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता है। विशेष उपलब्धि संस्था के प्राचार्य मंजू शुक्ला, ललित किशोरी साहू व्याख्याता गाईड शिक्षक के निर्देशन में शत्रुघन सिंह ठाकुर (तकनीकी सहायक) एवं छात्रों के सहयोग से यह उपलब्धि विद्यालय के लिए मील पत्थर साबित हुई है। विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जिले के लिए यह बड़ी सफलता है। इस श्रेणी में देश भर के 1550 विद्यालयों ने भाग लिया था। जिसमें देशभर से 23 एवं प्रदेश से केवल 3 टीम का चयन हुआ। जिसमें दुर्ग जिले से शाउमा विद्यालय उरला बीएमवाय, कुगदा एवं वैशाली नगर विद्यालय शामिल है। गाइड शिक्षिका एवं छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं समिति के सभी सदस्यों ने विद्यालय एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



■ 21 फरवरी को बेंगलुरू में मिलेगा विप्रो अर्थियन अवार्ड

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी मुक्केबाजी स्पर्धा में ओम का चयन



**भिलाई।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 2 जनवरी तक गुरु काशी यूनिवर्सिटी भटिंडा पंजाब में आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्टॉर बॉक्सिंग क्लब सेक्टर 1 से मुक्केबाज 18 वर्षीय ओम सोनी पिता रमई लाल सोनी ग्रुप 92 किलो में चयन हुआ है। ओम की इस उपलब्धि पर नीरज पाल छत्तीसगढ़ राज्य मुक्केबाजी संगठन के संरक्षक और आर राजेंद्र अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग क्लब तथा स्टार बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष के राय नेशनल रेफरी एवं बॉक्सिंग कोच कुलदीप सोनकर स्टार बॉक्सिंग क्लब सेक्टर 1 तथा वीरेंद्र यादव, आर बेनर्जी, जीत तिवारी, नंदू रामटेक, चूड़ामणि तीर्थ, सहायक कोच गुरविंदर सिंह तथा क्लब के अन्य पदाधिकारी ने बधाई दी है।

# पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के सब जूनियर ग्रुप में ऋषभ ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ के होनहार खिलाड़ी ऋषभ निर्मलकर ने यूनाइटेड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन महाराष्ट्र द्वारा आयोजित चौथी ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 में सब जूनियर क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुक्रवार को वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने ऋषभ की इस उपलब्धि पर प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया। रिकेश ने कहा कि प्रदेश के युवा देश भर में अपनी उत्कृष्टता का परचम लहरा रहे हैं, जिससे यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि हमारा छत्तीसगढ़ जल्द ही भारत के खेल हब के रूप में प्रसिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ सरकार और समाज के सहयोग से खेल का माहौल और बेहतर हो रहा है, जो भविष्य में और उपलब्धियां सुनिश्चित करेगा।



■ छत्तीसगढ़ जल्द ही भारत का खेल हब के रूप में होगा प्रसिद्ध : रिकेश सेन

### भिलाई के मिल्खा सिंह 'भागवत'

**भिलाई।** बीएसपी में इंजी. एसोसिएट के पद पर कार्यरत भागवत राम नेताम मैराथन क्षेत्र में प्रतिभा और मेहनत की मिसाल हैं। 1971 को बालोद जिले के हथौद गाँव में हुआ। 53 वर्षीय भागवत की यात्रा आज युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं। मैरेथॉन धावक अपने सपनों को पूरा करने के लिए बीएसपी में ड्यूटी करते हुए रोज़ाना घंटों तक कड़ी मेहनत करते हैं। नया रायपुर सोल्जरथॉन में 21 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। इस स्पर्धा में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें सम्मान बाद, छत्तीसगढ़ सहयोगी साख समिति मर्यादित, भिलाई नगर द्वारा भी उन्हें प्रतिभावान खिलाडी के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। इनका समर्पण उनके परिवार के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन चूका है। यह परिवार न केवल खुद को फिट और स्वस्थ रखता है, बल्कि दूसरों को भी यह समझाता है कि अगर आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए ईमानदारी से मेहनत करें, तो कोई भी बाधा आपको रोक नहीं सकती। उनकी पत्नी, बेटा और बहू भी 'रन फॉर सेल' जैसे कार्यक्रमों में के विजेता रह चुके हैं।

## भिलाई निगम की विभागीय समीक्षा में अब भी प्रगति संतोषजनक नहीं

# सीमांकन, निर्माण कार्यों में गति धीमी, आयुक्त ने दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई निगम के सभी विभागीय कार्यों की समीक्षा आयुक्त आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने की। पूर्व में दिए गये निर्देशो के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक बुलाई। चल रहे विकास व निर्माण कार्यो की गति संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होने नाराजगी दिखाई। उन्होने वर्ष 2023 से शुरू हुए सभी निर्माण कार्यो की समय अवधि लगभग पूर्ण हो रही है और जिन कार्यो में विलंब हो रहा है। उसे समय अवधि में पूर्ण करने जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किये, कि सभी कार्यो को दिए गये समय पर पूर्ण कराये।

### तालाबों का होगा सीमांकन

आयुक्त पांडेय ने कहा कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित सभी तालाबों का सीमांकन किया जाए। उसको नगर निगम के राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाए। जिससे कोई भी व्यक्ति तालाब के किनारे अतिक्रमण न कर सके। आयुष्मान कार्ड सभी वार्डो में बनाये जा रहे है, उसके बनाने की गति को तेज किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभ ले सकें।



### प्रत्येक सोमवार जोन कार्यालय में शिविर

आयुक्त ने कहा कि नवीन राशन कार्ड बहुत से बनकर राशन दुकानों पर रखें हैं, उसका शिविर प्रत्येक सोमवार को सुबह 11 से 4 तक जोन कार्यालय में लगाये जा रहे है। हितग्राही जोन कार्यालय में, राशन दुकानों में आकर अपना नवीन राशन कार्ड लेकर जा रहे है, किन्तु इस कार्य में और गति लाने की आवश्यकता है, जिससे समय अवधि के अंदर सभी के पास नवीन राशन कार्ड पहुंच जाए। सामुदायिक सुलभ शौचालय के जीर्णोद्धारा, निर्माण आदि का कार्य सभी जोन क्षेत्र में चल रहा है उसे गुणवत्तापूर्ण समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### पेयजल व्यवस्था की हो निगरानी

आयुक्त ने कहा कि पेयजल व्यवस्था में सतत निगरानी रखी जाए, जहां कही भी नल की टोटी टूटी मिले या पाईप में लिकेज दिखे उसे शीघ्र संधारण किया जाए। घरों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है नागरिक को समझाइस दी जाए कि अपने घर से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरों को पृथक कर देवें, जिससे गीला एवं सूखा कचरा अलग करने में परेशानी न हो। अगर कोई नहीं मानता है तो उनके ऊपर चालानी कार्रवाई की जाए। उन घरों से कचरा लेना बंद किया जाए जो लोग बार-बार समझाने के बाद भी गीला कचरा सूखा कचरा एक में मिला कर देते हैं। नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता दीदीयो एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा लगातार समझाइश दी जा रही है कि गीला एवं सूखा कचरा अलग कर दें। किन्तु आदत से मजबूर लोग एक ही में कचरा मिलाकर दे रहे है। इससे सफाई व्यवस्था में बहुत परेशानी होती है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



सीजन-25 की तैयारी

## लाइव इवेंट

### भसीन की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता, फाइनल मुकाबले में शामिल होंगे सांसद विजय बघेल



**भिलाई।** पूर्व विधायक विद्यारतन भसीन की स्मृति में रात्रि कालीन कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले का पहला मैच ज़ीसीए 11 एवं फार्मा 11 के मध्य खेला गया। जीसीए 11 ने टॉस जीतकर क्षेत्र आरक्षण करने का निर्णय लिया। फार्मा 11 की टीम केवल 40 रन ही बना पाई। इस छोटे से लक्ष्य को राहुल की 21 रनों की बदौलत पांच ओवर में ही पा लिया गया। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच ठेकेदार 11 और एबीस राजनांदगांव के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर एबीस ने क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। ठेकेदार 11 की तरफ से पासा ने 25, पंकज ने 20 रनों की पारी खेली। टीम ने 90 रन बनाए। एबीस ने कुलेश्वर के 35, जुनैद के 28 रनों की बदौलत एक बॉल शेष रहते लक्ष्य को पा लिया। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच उद्योग चैंबर एवं ग्रामीण बैंक के मध्य खेला गया। उद्योग चैंबर ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। ग्रामीण बैंक की टीम निर्धारित आठ ओवरों में 63 रन बनाए। चैंबर ने आरिफ के 30 रनों की बदौलत 7 ओवर में ही मैच जीत लिया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। मैच के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल सांसद होंगे। कार्यक्रम में बीजेपी के अध्यक्ष महेश वर्मा, मनीष पांडे अध्यक्ष राम जन्मोत्सव समिति, इंदरजीत सिंह छोटू समाजसेवी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का पुरस्कार 51000 पार्षद संतोष मौर्य द्वारा दिया जाएगा। ट्रॉफी और मैन ऑफ द मैच नारायणा टेक्नो स्कूल द्वारा प्रदत्त किया जाएगा। अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। मैच के अंपायर धनंजय सिंह, वाशी सिंह, स्कोर पीयूष मिश्रा, कॉन्ट्री आशीष त्रिपाठी एवं शिव तिवारी हैं।

■ पूर्व विधायक विद्यारतन भसीन की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन

## सिटी इवेंट

### वार्षिकोत्सव में इंद्रधनुषी रंगों की प्रस्तुति सुपर मॉम प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में वार्षिक उत्सव कनकधारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने इन्द्रधनुषी रंगों की छटा बिखेरी। डॉ. मोनिका सेठी शर्मा उप कुलपति केके मोदी विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी.रामचंद्रन, सचिव एस.स्वामीनाथन, प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी,शोभा नायर, शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू प्रमुख रूप से मौजूद थे। छात्रों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कानून व्यवस्था में आए बदलाव के बारे में जानकारी दी। भारत रत्न रतन टाटा, तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उपलब्धियों और योगदान को याद किया। एस. स्वामीनाथन ने छात्रों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों के साथ-साथ पालकों की ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया। डॉ. मोनिका सेठी शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों, आदर्शों तथा समसामयिक विषयों की सराहना की। उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और सह-पाठ्यक्रमी उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

■ श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में कनकधारा थीम पर किया गया आयोजन

#### सुपर मॉम प्रतियोगिता की विजेताओं को मिला सम्मान

इस अवसर पर शाला में आयोजित सुपर मॉम प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें रंगोली में आर. कामिनी राव, रिमझिम वर्मा, नित्या, ख़ुशी डिंगा और स्वाती वर्मा सम्मानित की गईं। व्यंजन प्रतियोगिता में स्वाती कौर, अंजुलता गुप्ता, मार्टिना ठाकुर, बिदिशा वाघेला, स्नेहा वर्मा सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम अग्नि सदन, द्वितीय पृथ्वी सदन, तृतीय नीर सदन रहे। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रेरणास्पद नृत्य, प्रसंग आधारित नृत्य, गरबा नृत्य, असमी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। छोटे बच्चों ने देशभक्ति, जंवारा और रेट्रो नृत्य की प्रस्तुति दी। पंथी, सम्बलपुरी, गरबा लोकनृत्यों ने भी मनमोहा।




● प्रजापिता ब्रम्हकुमारी सेक्टर-7 के पीस ऑडिटोरियम में विंटर कार्निवाल का आयोजन

# विंटर कार्निवालः बैलेंसिंग गेम, स्टॉप एंड मूव, टॉक एंड साइलेंस, नींबू दौड़ जलेबी दौड़, लंगड़ी दौड़, रनिंग रेस ने जमाया रंग, विजेता होंगे सम्मानित

आप अपना बेस्ट परफॉर्म करना चाहते है या फिर कितना भी पढ़ाई कर लें पर वह डिपेंड करता है आपके मन की शांत और पॉजिटिव स्थिति के ऊपर। यह बातें मोटिवेशनल स्पीकर और वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे विंटर कार्निवल के तीसरे दिन कहीं। इस अवसर पर बच्चों की प्रस्तुति से पूरा कैम्पस आउट डोर गेम्स से चमक उठा। स्नोई बॉयज ने वार्मअप एक्सरसाइज करवाकर होने वाले खेलों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को इन खेलों में हार जीत को छोड़कर सभी के दिलों को जीतने का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।



**भिलाई।** बच्चों ने आऊट डोर गेम्स में बैलेंसिंग गेम, स्टॉप एंड मूव, टॉक एंड साइलेंस, नींबू दौड़, जलेबी दौड़, लंगड़ी दौड़, रनिंग रेस आदि खेलों को खेलकर इस विंटर कार्निवाल का भरपूर आनंद लिया। विशेष रूप से इन सभी खेलों में डिसिप्लिन व प्रैक्टिस को महत्व दिया गया। इसके आधार पर ही अंक दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकगण, जिला खेल अधिकारी, स्पोर्ट्स टीचर, अभिभावक उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने गेम्स प्रारंभ होने के पूर्व सभी बच्चों को कमेंट्री द्वारा राजयोग मेडिटेशन करवाते हुए कहा कि हमें जीवन के किसी भी परिस्थितियों के लिए तन और मन से रेडी रहना है। आपने सभी को स्वामान दिया कि मैं शक्तिशाली आत्मा हूं। खेलों के बीच बीच में भी मन को एकाग्र कर लक्ष्य प्राप्ति के टिप्स दिए गए। खेल-खेल में वैल्यूज बताया कि हमेशा विन करना नहीं होता है आवश्यक परंतु यह देखना चाहिए कि मैं अपना बेस्ट दिया या नहीं। बच्चों को कृतज्ञता के गुण का महत्व बताते हुए सिखाया कि कैसे हारने पर भी अपने प्रतिद्वंदी का सम्मान करने से स्वयं का भी आत्म सम्मान बढ़ता है और हमारे लिए भविष्य में सफलता का दरवाजा खुल जाता है।

#### मेडिटेशन के जरिए मन को एकाग्र रखने के दिए टिप्स

इस अवसर पर स्कूली बच्चों को मेडिटेशन के जरिए मन को एकाग्र रखने की टेक्निक भी सिखाई गई। भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बच्चों का उमंग उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जीवन में रेस रीस (ईर्ष्या) को छोड़कर खुशी आनंद से खेलते हुए जीत हासिल करनी है। कभी भी हमारा उमंग उत्साह कम न हो चाहे हारे या जीते। इस विशेष आयोजन बच्चों को एजुकेशन, करियर गाइडेंस के साथ अन्य जरूरी टिप्स भी दिए गए। आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों में विजेता का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।





## जम्मू-कश्मीर को हराकर हैंडबॉल में छग टीम की धमाकेदार शुरुआत, अगले मैचेस तीन दिन में

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष हैंडबाल टीम 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोट्टायम केरल पहुंची। जहां पहले मैच में छत्तीसगढ़ ने जम्मू एंड कश्मीर को 25-20 गोलों से पराजित किया। मैच में छत्तीसगढ़ के मो. आमिर को बेस्ट प्लेयर के खिताब से नवाजा गया। केरल हैंडबाल संघ द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता 29 दिसंबर तक होनी है। आयोजन चंगनासेरी, कोट्टायम में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की 20 सदस्यीय पुरुष हैंडबाल टीम वहां खेलने गई है। इसमें भिलाई के भी खिलाड़ी हैं। हैंडबाल कॉम्प्लेक्स सेक्टर-1 में इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया गया। यह सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता की क्वार्टर फाइनलिस्ट टीमें 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 2025 के लिए पात्रता हासिल करेंगी।

■ कोट्टायम केरल में 53वीं सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन



टीम में एम. गौतम दुर्ग, आदित्य चंद्राकर महासमुन्द, नारायण साहू, दुर्गा मांझी सीआईएसएफ, मो. आमिर हुसैन सीआईएसएफ, मो. आदिल अंसारी सीआईएसएफ, एस. ब्रिटेन सिंह, प्रदीप, के. कार्तिक कुमार, बासा महेश, प्रवीण कुमार बी, अमित शर्मा, देवेश्वर पांडे, मिथुन कुमार, मनीष चंद्राकर, अक्षय चौधरी, योगेश, मो. निहाल शामिल हैं। इनके अलावा टीम के प्रशिक्षक कुणाल, प्रबंधक जितेन्द्र कुमार तिवारी हैं। टीम 30 दिसंबर को लौटेगी।

## जूनियर मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में कृत्विक चंद्राकर ने जीता दो गोल्ड

**भिलाई।** जू जित्सु राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप का दो दिवसीय आयोजन बालोद जिले के संस्कार पब्लिक स्कूल में हुआ। इस चौथी राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में दुर्ग जिले से 10 बच्चों ने भागलिया। इसमें सात ने गोल्ड, 10 ने सिल्वर और दो ने ब्रांच मेडल जीता। कृत्विक चंद्राकर ने फाइटिंग स्टाइल और न्यूवासा इवेंट्स में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सांची फूलमाली ने फाइटिंग स्टाइल में गोल्ड, न्यूवासा में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार अन्य खेलों में तने साहू, यजत साहू, अभिनव कुमार गोयल, हम्माद, रुचिका देवांगन, काव्य विश्वकर्मा ने पदक प्राप्त किए। सभी बच्चे पिछले 5 वर्ष से वार्ड नंबर 21 हनुमान नगर में जू जित्सु की ट्रेनिंग कोच देवा साहू से ले रहे हैं। कार्यक्रम में सौरभ लुनिया छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष उपस्थित थे। कोच देवा साहू, आशीष इन्फोटेक के डायरेक्टर आशीष चंद्राकर, परिणिता चंद्राकर, आदित्य चंद्राकर, वार्ड 21 के पार्षद अरुण सिंह ने सभी बच्चों के बधाई दी है।



कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच का पारिवारिक मिलन समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी हुआ

कार्नर न्यूज

## कान्यकुब्ज सम्मेलन में सात वरिष्ठजनों को कौस्तुभ सम्मान 'इस्पाती जीवन के रोमांचक अनुभव' पुस्तक का विमोचन भी

**भिलाई।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा कान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच के सेक्टर-1 भिलाई स्थित परिसर में 29 वां पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही साथ भारतवर्ष के अनेक राज्यों से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के परिवारों ने भाग लिया। दिन भर चले सम्मेलन में सौ से अधिक परिवारों ने विवाह योग्य प्रस्ताव की जानकारी प्राप्त की। पारिवारिक संबंधों का, संस्कारों को और अधिक सुदृढ़ीकरण बनाने की अनमोल धरोहर को निरंतर आत्मसात कर विस्तार का पूर्ण ध्यान रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी, कुलपति अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर और विशिष्ट अतिथि बच्चू पांडेय, अध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज नागपुर, प्रेम शंकर तिवारी सेवानिवृत्त डिप्टी कमांडेंट, राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित प्रोफेसर राजनांदगांव थे।




#### इस्पाती जीवन के रोमांचक अनुभव पुस्तक का विमोचन

कान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच के संरक्षक और बीएसपी के पूर्व अधिकारी पं. बृजमोहन कुमार बाजपेई द्वारा लिखित इस्पाती जीवन के रोमांचक अनुभव पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। पारिवारिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन के इस कार्यक्रम में वैवाहिक पत्रिका चेतना के 29 वें अंक का विमोचन भी किया गया। वैवाहिक बायोडाटा के लिए डिजिटल एप का विमोचन भी किया गया। इस समारोह में बीएसपी के पूर्व अधिकारी अशोक कुमार, एसएस वर्मा, अनिल शर्मा, सीआईआई भट्ट, अशोक पंडा, अरुण शुक्ला अध्यक्ष कान्यकुब्ज रायपुर, सुरेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

#### विवाह योग्य युवक-युवतियों ने दिया परिचय बुजुर्गों को मिला कौस्तुभ सम्मान

इस अवसर पर कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच पारिवारिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ अनेकों राज्यों से आए कान्यकुब्ज ब्राह्मण युवक–युवतियों ने अपने परिवारों के साथ परिचय का आदान-प्रदान किया। समाज के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों को उनके अमूल्य योगदान और समाज में भागीदारी के लिये कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इसमें पंडित अशोक कुमार शुक्ला, संरक्षक सदस्य तथा आजीवन सदस्य पंडित महेश कुमार शुक्ला, पंडित अवधेश नारायण द्विवेदी, पंडित संतोष पाण्डेय एवं पंकज द्विवेदी को कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित किया गया।



## सिटी इवेंट

# बुजुर्ग समाज की धुरी, युवा करें सम्मान, सात बुजुर्ग सम्मानित



**भिलाई।** सियान सदन कैलाश नगर के वरिष्ठ नागरिकों का पारिवारिक मिलन समारोह सन मैरिज पैलेस में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर एक शाम बुजुर्गों के नाम का आयोजन किया गया। आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद थे। उनके अलावा वरिष्ठ नागरिक महासंघ के सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन, अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महासचिव गजानंद साहू, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, प्रदीप ताम्रकार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. शर्मा ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धुरी हैं। युवा वर्ग बुजुर्गों का सम्मान करें और उनकी अच्छी बातों का अनुसरण करें। सियान सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य एवं महासंघ के संगठन सचिव जगदीश राम साहू के 80 वें जन्मदिन पर वरिष्ठ नागरिकों ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। समारोह में सियान सदन के 75 वर्ष से अधिक उम्र के 7 बुजुर्ग सदस्यों एससी चावला, भुवन जंघेल, केवी राघवन, इंदल प्रसाद कुशवाहा, एसआर सोनी, विश्वनाथ वर्मा एवं आरके जैन का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य नेहा साहू, विभिन्न सियान सदनों के पदाधिकारी एनपी मिश्रा, फूलचंद साहू, विश्वनाथ शर्मा, एचआर देवांगन, बलविंदर सिंह, तोषण साहू , पवन साहू , श्रीमती अनुसुइया साहू, जयती साहू आदि सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं आभार प्रदर्शन नेहा साहू ने किया।

- वरिष्ठ नागरिकों का मिलन समारोह और संगोष्ठी का भी आयोजन



## एजुकेशन इवेंट

# ड्राइंग सबसे प्राचीन व महत्वपूर्ण ऐतिहासिक भाषा : नितिन पंडया

**भिलाई।** शिक्षाविद नितिन पंडया ने ड्राइंग की उपयोगिता को लेकर एक कार्यक्रम में खुलकर विचार रखे। उन्होंने कहा कि किसी भी मानव बच्चे की सबसे पहली भाषा होती है ड्राइंग। विद्यालय में प्रवेश लेने से पहले ही जब कोई मानव बच्चा पेन, पेनसिल, चाक या कोयला पकड़कर जमीन या दीवार पर कुछ लिखने की कोशिश करता है, तब वो अपनी पहली भाषा ड्राइंग की मूलभूत बारीकियों से रूबरू होता है। फिर माता-पिता उसका धीरे-धीरे हाथ, पकड़कर उसे दूसरी भाषा हिन्दी के अक्षर ड्रा करना सिखाते हैं। जैसे क, ख, ग, घ और इसी प्रकार उसे तीसरी भाषा अंग्रेजी के अक्षर ड्रा करना सिखाया जाता है, जैसे-ए, बी, सी, डी आदि। आपने गौर किया हमने राइट की जगह ड्रा शब्द का प्रयोग किया। वो इसलिये कि बात जब ब अक्षरों की हो और आपको पता प हो कि कैसे ड्रा करते हैं, तो आप अपने बच्चों के बड़े होने पर न केवल किसी उस भी भाषा या किसी भी फील्ड में निपुण कर सकते हैं या सटीक फीट कर सकते हैं। ड्राइंग सभी भाषाओं में कॉमन है और हर सफल व्यक्ति ने अपने कैरियर या बिजनेस में आगे बढ़ने के लिये इसके टेक्निकल या नान-टेक्निकल स्वरूप को कभी न कभी जरूर सीखा होता है कभी न कभी आपने इस ज्ञान और स्किल का उपयोग कर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष फायदा जरूर उठाया होता है। यही कारण है आधुनिक काल में कक्षा 6वीं से 10 वीं तक जियोमेट्री सीखाते हैं, जो लगभग विद्यालय छोड़ने तक चलती है। इसमें हमें त्रिकोण, वर्ग, आयत, वृत्त, कोण, धून आदि के बारे में सिखाया जाता है। आईटीआई, नियरिंग पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग आदि के प्रथम वर्ष में ड्राइंग के के नाम से पढ़ाते हैं, जो आजकल इंजीनियरिंग डिजाइन के नाम से जाना जाता है। आज एक इमेज या तस्वीर हजार शब्दों से ज्यादा अपना प्रभाव छोड़ते हैं। हर हर इंसान में एक पैदाइशी छुपा हुआ चित्रकार होता है, जिसे हमें पहचानने की जरूरत होती है। ड्राइंग न कोई वर्णमाला और न ही व्याकरण, पर फिर भी विश्व में सबसे ज्यादा प्राचीन और सबसे ज्यादा समझ में आने वाली भाषा है। इतिहासकारों और ऑर्किलॉजिकल क्षेत्र के वैज्ञानिकों ने इस बात की पुष्टि भी की है कि ड्राइंग का उपयोग हर पुराणिक और आधुनिक काल में होता रहा है।



- शिक्षाविद नितिन पंडया ने कहा- दुनिया अब इसे समझ चुकी

## आयोजन

# ऑनलाइन कवि सम्मेलन आज

**भिलाई।** 28 दिसंबर को मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय अनलाइन लाइव कवि सम्मेलन में एपिसोड नंबर-4 रात 8:10 बजे से प्रारंभ होगा। इस बार के कवि सम्मेलन में ग्वालियर मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध कवियित्री सीता पवन चौहान एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य और ग़ज़लकार रियाज़ गौहर खान काव्य पाठ करेंगे। समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल ने बताया कि यह हमारे सदस्यों के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। हमारे बीच के कवि काव्य पाठ की प्रस्तुति देंगे।

## बीएसपी द्वारा एक दिवसीय अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

# 20 विभागों की 45 महिलाओं, 125 पुरुषों ने गोला फेंक, दौड़ ऊंची-लंबी कूद और भाला फेंक में बहाया पसीना, मिला इनाम

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। सेल एथलेटिक्स अकादमी ग्राउंड सेक्टर-4 में सारी खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के लगभग 20 विभागों से महिला वर्ग में 45 एवं पुरुष वर्ग में 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें दौड़, पैदल चाल, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बीएसपी के कर्मचारियों और अधिकारियों ने दिनभर पसीना बहाया। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि बीएसपी अधिकारी अनूप कुमार दत्त थे। उन्होंने सभी विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कृत किया। समापन समारोह में अजय कुमार अध्यक्ष बीएसपी एथलेटिक्स क्लब, परमिंदर सिंह सीनियर मैनेजर, साहिराम जाखड़, अभिजीत भौमिक, अनिरुद्ध एनआईएस कोच मौजूद थे। एक्स एम्प्लॉई केसी गोपीनाथ और आर सुनील नायर, सुदर्शन सिंह को विशेष सम्मान दिया गया। निर्णायक शिव कुमार, दीपक पटेल, टेकराम साहू, एनके मानिकपुरी, सुदर्शन सिंह, नुसरत जहां, सुशीला, सुरेश पुसरिया, डी. कोटेश्वर रेड्डी एवं भूपेश साहू थे। यह जानकारी एसडी बर्मन ने दी।







### प्रतियोगिता ये खिलाड़ी रहे पहले तीन स्थान पर

400 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में गंगेश्वर देवांगन, संजीत त्रिपाठी, सूरज, गोला फेंक पुरुष वर्ग में कृष्णा मूर्ति, नितिन श्रॉफ, अनिल कुमार, गोला फेंक महिला में सोनू चौरसिया, बिंदु एस प्रकाश, विद्या एस, 2000 मीटर पैदल चाल पुरुष में बीआर नेताम, मनमोहन मीणा, प्रवीण चापले, 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में लता एस पिल्लई, सोनिया तोमर, लीला देवी, 100 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में अमन कुमार, वामसी बेहरा, ज्ञान सिंह, लंबी कूद महिला वर्ग में सरस्वती, लताएस पिल्लई, भारती, लंबी कूद पुरूष वर्ग में अमन कुमार, वामसी बेहरा, ज्ञान सिंह, भाला फेंक महिला में सोनू चौरसिया, पिंकी लाल, नीता सरवरे, भाला फेंक पुरुष वर्ग में वेंकटरमणा अल्लू, गंभीर सिंह, दीनबंधु माली, 200 मीटर दौड़ महिला में भारती, सरस्वती, कल्याणी साहू ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किया।



## अनोखी पहल...

# 70 लाख से शहीद चौक का सौंदर्यीकरण, मनीष पारख की पहल पर दिया गया आकर्षक रूप



**दुर्ग।** शहीद चौक जिसे ग्रीन चौक के नाम से भी जाना जाता है। इस चौक पुनर्निर्माण एवं सौंदरीकरण किया गया है। मोर शहर मोर जिम्मेदारी कार्यक्रम के अंतर्गत इसका सौंदर्यीकरण शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी मनीष पारख ने किया है। पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्व. मोतीलाल वोरा की तत्कालीन सांसद निधि, पूर्व विधायक अरुण वोरा की विधायक निधि और समाजसेवी मनीष पारख के विशेष सहयोग से करीब 70 लाख रुपए खर्च कर इस चौक का पुनर्निमाण किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, गुरुद्वारे के प्रधान सेवादार अरविंदर सिंह खुराना, राजू भाटिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शहीद चौक में लगाई गई शहीदों की मूर्ति का अनावरण किया गया। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर दोनों पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने इस निर्माण कार्य की सराहना की। इसका रखरखाव भी समाजसेवी मनीष पारख द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अविश एडुकॉम, लाइफ केयर डायग्नोसिस, इमेज नेहरू नगर, जयदीप गैस एजेंसी के संचालक मनीष पारख द्वारा दुर्ग के प्रमुख चौराहों का सौंदरीकरण किया जा रहा है।

**सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया उद्घाटन**

### मेघगंगा ग्रुप द्वारा दिया जा रहा योगदान

मेघ गंगा ग्रुप के मनीष पारख लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके द्वारा अविश एडुकॉम के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में एनिमेशन, वीएफएक्स, ग्राफिक्स और फैशन एवं इंटीरियर डिजाइन के कोर्स प्रदान किया जा रहा है। लाइफ केयर डायग्नोसिस और नेहरूनर इमेज के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।महावीर ज्वैलर्स के माध्यम से लग्जरी और जीवनशैली उत्पादों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। जयदीप गैस एजेंसी का भी संचालन किया जा रहा है। डिजाइनो डिज़ाइन एनीथिंग: कॉर्पोरेट समाधान, ब्रांडिंग और रचनात्मक सेवाएं प्रदान करता है, जिससे उद्योगों में नवाचार और विकास को प्रोत्साहन मिलता है। मेघ गंगा ग्रुप के ये सभी स्तंभ सामुदायिक विकास और सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## सुशासन दिवस पर कार्यक्रम

# काव्यांजलि भजन संध्या में शामिल हुए सांसद बघेल, कहा-छग निर्माता को नमन



**भिलाई।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की 100 वीं जयंती पर अग्रसेन चौक में काव्यांजलि प्रवम् भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने बाजपेयी को सहज सरल कवि हृदय बताते हुम अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के निर्माता को नमन किया। उन्होंने कहा कि अपने विरोधियों का भी अपनी बातों से दिल जीतने वाले वे अजातशत्रु थे। इस अवसर पर राजनांदगांव के भजन गायक अभिजीत जोशी एवं उनकी टीम ने भजन-संध्या का आयोजन किया। इसमें गौरव बजाज, अबीर गोयल ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। सांसद विजय बोले ने सुख के सब साथी दुख में ना कोय गाकर सबको भाव-विभोर किया। कार्यक्रम में राजेंद्र पाध्ये, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, अलका वाघमार, मनमोहन शर्मा, शिवेन्द्र परिहार, अजय तिवारी, मदन बढई, रजनीश श्रीवास्तव, संतोष सोनी, अरुण सिंह पषिद, नरेश शर्मा, दिव्या कलिहारी, आयोजन समिति से मनीष भंडारी, कमल सोनी, शिबु शुक्ला, मनीष रामो, भरत देवांगन, सोनू हजारे, गिरिश नेमा, विनय गुफा, रामू राठी, देवेश पुरोहित आदि उपस्थित थे।

**अग्रसेन चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर भजन-संध्या का कार्यक्रम**

## जरुरतमंदों को बांटे गए कंबल, विशाल भंडारा का भी आयोजन

# चिखली सामूहिक तुलसी पूजन उत्सवः भजन-संध्या और सत्संग के बीच धर्म-संस्कृति के लिए शहादत देने वालों को किया याद

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में ग्राम चिखली में सामूहिक तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन संध्या के साथ हुई। भजन संध्या के बाद सत्संग हुआ, जिसमें सनातन धर्म, संस्कृति की महिमा बताई गई। धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए वर्षों पूर्व कई लोग शहीद भी हुए। उनकी गाथा गीत-संगीत के माध्यम से सुनाई गई। सिख धर्म के बच्चे अपने धर्म संस्कृति के लिए कुर्बान बलिदान हुए। उनकी याद में शहादत और बलिदान दिवस भी मनाया गया। हम अपने धर्म को जानें, उनकी महिमा को पहचाने। इस उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजकों ने कहा कि दूसरे धर्म में जाने से अच्छा अपने ही धर्म में मर जाना अच्छा होता है। आज देश में धर्म परिवर्तन को रोकने वाले संतों को सालों जेलों में रखा जाता है। ऐसे कृत्य न हो, इसके लिए हमारी सामाजिक एकजुटता जरूरी है।





### भजन-संध्या के दौरान तुलसी पूजन का महत्व भी बताया



तुलसी पूजन के इस आयोजन में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। इस दौरान तुलसी माता का महत्व भी बताया गया। मंचस्थ कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इसमें गांव के लोगों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में आयोजन समिति द्वारा आए अतिथियों को सम्मानित किया गया। प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि प्रतिवर्ष इसकी भव्यता बढ़ते जा रही है।

### विधि विधान से पूजा अर्चना पूरा गांव हुआ शामिल

संत आसाराम बापू की प्रेरणा से देशभर के सभी जगह में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। माता तुलसी की पूजा की गई। तुलसी माता की सात परिक्रमा भी की गई। जरूरतमंद 121 परिवारों को गर्म कम्बल बांटे गए। इसके बाद भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। बालसंस्कार विभाग द्वारा बच्चों की शीतकालीन छुट्टी में विद्यार्थी उज्वल भविष्य निर्माण शिवर का आयोजन 28-29 दिसंबर को संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में की जाएगी। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वनडे ट्रॉफी क्रिकेट में बिहार को शिकस्त दी छग की टीम ने



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी 2024 का आयोजन 15 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच 27 दिसंबर को त्रिवेन्द्रम में बिहार अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ ने बिहार को हराकर प्ले आफ्स में प्रवेश किया। छत्तीसगढ अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 358 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने सर्वाधिक 71 रन बनाये, वहीं दीपक यादव ने 61 रनों का योगदान दिया। विकल्प ने राहुल प्रधान तथा हर्ष साहू के साथ 70-70 रनों की उपयोगी साझेदारी की। इसके अतिरिक्त आयुष पांडे ने 60 रनों की उपयोगी पारी खेली। बिहार की ओर से पृथ्वीराज, सुमन तथा अंकुश ने 2-2 विकेट लिये। 359 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार ने 44.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 175 रन ही बनाये। बिहार की ओर से आयुष लोहारुका ने सर्वाधिक 87 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आकाश ने 22 रन तथा पवन ने 21 रन बनायें। छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम की ओर से वरुण सिंह भुई ने 4 विकेट तथा विकल्प तिवारी ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 183 रनों से जीत लिया तथा प्लेऑफ्स में प्रवेश किया।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप 3 जनवरी से



**रायपुर।** नेशनल पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन बूढ़ा तालाब के सामने रायपुर में 3 से 5 जनवरी को किया जा रहा है। वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि 3 जनवरी दोपहर 12 बजे से प्रतियोगिता का उदघाटन होगा और 5 जनवरी शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण होगा। उसी प्रकार 5 जनवरी को शाम 6 बजे बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का उदघाटन होगा। जिसमें 28 वां मि रायपुर और प्रथम छत्तीसगढ़ क्लासिक जूनियर सीनियर मास्टर एवं दिव्यांग महिला पुरुष बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता होगी। इसमें मेंस स्पोर्ट्स फिजिक की भी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में चयनित बॉडी बिल्डर 11 से 12 जनवरी की नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। मानिक ताम्रकार ने बताया कि सभी बॉडी बिल्डर को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल के पहले मैच में छत्तीसगढ़ ने जम्मू-कश्मीर को हराया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष हैंडबाल टीम 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कोट्टायम (केरल) पहुंची। पहले मैच में छत्तीसगढ़ ने जम्मू एंड कश्मीर को 25-20 गोलों से पराजित किया। केरल हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन चंगनासेरी, कोट्टायम जिला, केरल में दिनांक 26 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिये छत्तीसगढ़ राज्य की 20 सदस्यीय पुरुष हैंडबाल टीम हिस्सा ले रही है। उक्त टीम में एम. गौतम (दुर्ग जिला), आदित्य चंद्राकर (महासमुन्द जिला), नारायण साहू (दुर्ग जिला), दुर्गा मांझी (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), मो. आमिर हुसैन (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), मो. आदिल अंसारी (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), एस. ब्रिटेन सिंह (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), प्रदीप (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), के. कार्तिक कुमार (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), बासा महेश (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), प्रवीण कुमार बी. (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), अमित शर्मा (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), देवेश्वर पांडे (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), मिथुन कुमार (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), मनीष चंद्राकर (महासमुन्द जिला), अक्षय चौधरी (कांकेर जिला), योगेश (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), मो. निहाल (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), टीम के प्रशिक्षक कुणाल (सी.आई.एस.एफ., भिलाई) और टीम के प्रबंधक जितेन्द्र कुमार तिवारी (जांजगीर-चांपा जिला) है। सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले राज्यों की टीमों को 8 पुल में विभाजित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य को ग्रुप-डी में रखा गया है। ग्रुप-डी में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ जम्मू एंड कश्मीर, केरल एवं उड़ीसा की टीमें शामिल है।

लाइफ स्टाइल में गड़बड़ी है मुख्य वजह

# सर्दी के इस मौसम में बढ़ सकती हैं आर्थराइटिस की दिक्कत, आप भी हैं शिकार तो जरूर बरतें ये सावधानी

आर्थराइटिस, जोड़ों में होने वाली बहुत आम सी दिक्कत है, आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डॉक्टर्स कहते हैं, 45 की आयु के बाद महिला और पुरुष दोनों में इस समस्या का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही इस समस्या से बचाव के लिए सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में भी बदलाव का भी इस स्वास्थ्य समस्या पर असर देखा जाता रहा है। जिन लोगों को गठिया की बीमारी होती है, उनके लिए सर्दियों का समय कठिनाइयों भरा हो सकता है। ठंडा मौसम आर्थराइटिस की समस्या को और भी ट्रिगर कर सकता है, इसमें सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।



### सर्दियों में ट्रिगर हो सकती है आर्थराइटिस की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, तापमान में गिरावट के साथ रक्त वाहिकाओं में संकुचन होने लगता है, जिससे जोड़ों में सूजन-कठोरता की दिक्कत हो सकती है। बैरोमीटर दबाव के कारण ठंड के मौसम में गठिया का दर्द अधिक महसूस होता है और जोड़ों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनके लिए ये मौसम कई और भी प्रकार की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है।

### शरीर को रखें गर्म

आर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार, ठंडा तापमान, दर्द-संवेदनशीलता को बढ़ा सकता है, इसमें रक्त परिसंचरण भी धीमा हो जाता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन बढ़ जाती है। इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। अपने आप को गर्म रखने के लिए टोपी, दस्ताने और स्कार्फ पहनें और इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड से जोड़ों की सेकाई करें। जोड़ों की कठोरता को कम करने के लिए हल्के गर्म पानी से स्नान करें।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

गठिया के दर्द से बचने और अपने जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम सबसे अच्छी चीज है। नियमित शारीरिक गतिविधि ऊर्जा को बढ़ावा देने और ताकत-लचीलेपन में सुधार करने में मदद करती है। व्यायाम से फील-गुड हार्मोन भी रिलीज होता है जो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाले व्यायाम का लक्ष्य रखें।

### एंटीइंफ्लामेटरी आहार का करें सेवन



अपने आहार में बदलाव करने से गठिया को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। स्वस्थ पौष्टिक आहार, जिसमें एंटीइंफ्लामेटरी चीजें शामिल हों ये सूजन को कम करने, हड्डियों को मजबूत करने और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।



## कुछ एक्सरसाइज आपको बनाती हैं 'आइकॉन', इन्हें आजमाएं जरूर

बात चाहे टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा की हो या क्रिकेटर विराट कोहली की। सभी स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी अपनी सेहत का हमेशा खयाल रखते हैं। इनके लिए एक्सरसाइज रोजमर्रा की जिंदगी का रूटीन है। तभी इसके दम पर ऐसे खिलाड़ी यूथ आइकॉन बनते हैं। आप चाहें तो इन एक्सरसाइज के दम पर आईकॉन जरूर बन सकते हैं।

**रोइंग :** ये एक्टिविटी फ्लाईव्हील रोलर पर नाव चलाने के मूवमेंट की नकल करके काम करती है। हालांकि वजन घटाने और फैट बर्न करने में रोइंग की तुलना में रनिंग को अधिक प्रभावी माना जाता है, लेकिन यह हाई इम्पैक्ट एक्सरसाइज भी है।

**बैटल रोप:** बार-बार बाहों को हिलाना और रस्सी को जमीन पर पटकना, फैट को खत्म करने का शानदार तरीका है। इससे मांसपेशियों को मजबूत बनाया जा सकता है। यह आपके कंधों और भुजाओं की गतिशीलता में भी सुधार करता है। यही कारण है कि नीरज जैसा वर्ल्ड क्लास जैवलिन थ्रोअर इसे अपने रूटीन का हिस्सा बनाते हैं।

**हैंगिंग लेग रेजेस विद मेडिसिन बॉल:** बार पर लटककर और पैरों को ऊपर उठाकर, आप निचले आधे हिस्से मजबूत बनाते हैं। जब एक बार ऐसा करने में



सफल हो जाएं, तो मेडिसिन बॉल को उठाकर अतिरिक्त वजन बढ़ा सकते हैं। इसके करते वक्त निपुण होना बहुत जरूरी है। इसलिए ऐसा करते वक्त सावधानी रखें।

**ग्लूट हेम रेस विद बॉल थ्रो:** अधिकांश जिम में ग्लूट-हैम बेंच की सुविधा नहीं होती, हालांकि अगर आपके पास ये सुविधा है, तो इस वर्कआउट को अपने रूटीन में शामिल करें। यह ना केवल आपके शरीर को लीन दिखाने के लिए आपके ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग को मजबूत करेगा, बल्कि यह आपके डेली रूटीन में भी गतिशीलता लाएगा। जब आपका शरीर इस एक्सरसाइज का आदी हो जाए तो, आपको वेटेड प्रोजेक्टाइल फेंकने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आपको एक स्पॉटर की आवश्यकता होगी। टेनिस बॉल से छोटी शुरुआत करें, धीरे-धीरे हल्की मेडिसिन गेंदों तक इसे बढ़ा लें।

**टायर फ्लिप विद जंप:** यदि आप इसे सही ढंग से कर रहे हैं और इसमें जंप जोड़ रहे हैं, तो आप एक बेहद प्रभावी HIIT वर्कआउट (हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग) कर रहे होंगे, जिसे नीरज चोपड़ा भी करते हैं।



## नए साल में काले घोड़े की नाल की इन उपायों से करियर में मिल सकती है सफलता



कुछ ही दिनों बाद नया साल आरंभ हो जाएगा। जिसमें ग्रह-नक्षत्रों के स्थान में परिवर्तन भी होगा। इससे व्यक्ति के जीवन में अशुभ और अशुभ प्रभाव पड़ सकता है। नया साल आने में अब कुछ ही दिन शेष है। इस दिन ग्रहों के स्थान में भी परिवर्तन होगा। जिससे के जीवन में व्यक्ति को शुभ और अशुभ प्रभाव को देखने को मिल सकता है। वहीं वास्तु शास्त्र में नए साल कुछ ऐसे उपाय हैं, जिसे करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन खुशहाल हो सकता है। इस दिन ऐसी मान्यता है कि काले घोड़े की नाल को घर में लगाने से सकारात्मकता का संचार होता है और नजर दोष से भी छुटकारा मिल सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से घोड़े के नाल की उपाय के बारे में जानते हैं।

**नौकरी में सफलता प्राप्ति के लिए उपाय:** अगर किसी व्यक्ति को मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही है और नौकरी में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो नए साल के पहले दिन काले घोड़े की नाल से बने छल्ले को मध्यमा अंगुली में धारण करें। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से व्यक्ति को जल्दी नौकरी में शुभ योगों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में पॉजिटिविटी का संचार भी हो सकता है।

### रोग दोष से छुटकारा पाने के लिए उपाय

अगर किसी व्यक्ति को किसी बीमारी का सामना करना पड़ रहा है, तो घोड़े की नाल की 4 कील बनाएं और सवा किलो उड़द की दाल, एक सूखा नारियल लें। इसे बीमार व्यक्ति के ऊपर से 7 बार वार कर बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें। इस उपाय को करने से सेहत में जल्द सुधार हो सकता है और नजर दोष (नजर दोष उपाय) से भी राहत मिल सकता है।

**इस दिशा में लगाएं घोड़े की नाल:** वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर नए साल के दिन काले घोड़े की नाल को घर की उत्तर या पूर्व दिशा में लगाया जाए, तो इसे शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसे घर में लगाने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है और व्यक्ति के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव होता है। इसलिए इस दिशा में जरूर घोड़े की नाल लगाएं।

## ठिठुराती ठंड में घरवालों को नए ढंग से बनाकर खिलाएं मेथी का पराठा

दिसंबर के महीने के साथ ये साल अपने आखिरी पड़ाव पर है। ऐसे में सर्दी भी अपना सितम ढा रही है। इस मौसम में खाने के कई ऐसे विकल्प मिल जाते हैं, जिसे बच्चे से लेकर घर के बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको मेथी के पराठे की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, सर्दियों के इस मौसम में मेथी खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। इसके सेवन से पाचन क्रिया भी सुचारू रूप से काम करती है। ऐसे में खुद के साथ-साथ अपने परिवार के लिए भी मेथी का पराठा बनाकर परोस सकती हैं। ये एक ऐसा पराठा है, जिसे आप बच्चों से अलावा बड़ों के लंच में भी पैक कर सकती हैं।



इसका स्वाद अचार और दही से साथ तो बढ़ता ही है, लेकिन अगर आप इसके साथ आलू टमाटर की सब्जी परोसेंगी तो आपके परिवारवाले पेट के साथ-साथ मन भर के मेथी का पराठा खाएंगे। इसी के चलते आइए बिना देर किए हुए आपको मेथी का पराठा बनाने का सही और आसान तरीका बताते हैं। मेथी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी के पत्तों को अच्छे से साफ करके धो लें। इसके बाद एक बड़े कटोरे में आटा छान कर निकाल लें। इस आटे में दही, अजवाइन समेत सभी चीजें डाल कर अच्छे से मिला लें।इसके बाद इसमें स्वादानुसार नमक डालें। अब इस आटे को अच्छी तरह से गूंथ लें। गूंथे हुए आटे ते कभी तुरंत पराठे ना बनाए, बल्कि इसे कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इस आटे से छोटी-छोटी लोइयां तैयार करें।अब इन लोइंयों से पराठे बनाएं और इन्हें गैस पर दोनों तरफ से तेल लगाकर सेक लें। आप चाहें तो तिकोने आकार के मेथी के पराठे भी बना सकती हैं। जब ये कुरकुरी तरह से सिक जाएं तो एक प्लेट में निकाल कर अचार और दही से साथ इसे परोसें।

कार्नर न्यूज

पूजन की शुरुआत या समापन में शंख बजाने का विधान, इसलिए जरूरी है शंख

# घर के मंदिर का अहम हिस्सा होना चाहिए शंख इसे रखने के फायदों के बारे में जरूर जानिए

घर के मंदिर में या पूजा के स्थान पर ऐसी कई वस्तुएं रखी जाती हैं जो मानव जीवन को सकारात्मकता प्रदान करने में मदद करती हैं। इन सामग्रियों को घर के मंदिर का विशेष हिस्सा माना जाता है। घर के मंदिर में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों में से एक है शंख। हिन्दू धर्म में शंख को किसी भी पूजा-पाठ का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है और पूजन की शुरुआत या समापन में शंख बजाने का विधान होता है।

घर के मंदिर में शंख रखने के फायदे अनगिनत हैं और ये ज्योतिष के अनुसार शुभ माना जाने के साथ वास्तु के अनुसार भी अत्यंत शुभ माना जाता है। शंख को घर के मंदिर में रखने के अनगिनत लाभ होते हैं जो हमें आध्यात्मिक, आयुर्वेदिक और वास्तु शास्त्र के रूप में सहायक बना सकते हैं। पूजन में इस्तेमाल होने वाला यह एक ऐसा उपकरण है जो हमें शांति, सफलता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है और हमारेजीवन को सकारात्मकता से भर देने में मदद कर सकता है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें कि घर के मंदिर में शंख रखना जरूरी क्यों होता हो और इसके क्या फायदे हो सकते हैं।



### शंख को माना जाता है साधना का उपकरण

शंख को हिन्दू धर्म में एक महत्वपूर्ण पूजा और आराधना का उपकरण माना जाता है जो घर के मंदिरों में सजावट के रूप में रखा जाता है और साधना का यंत्र माना जाता है। शंख को न केवल आध्यात्मिक साधना का यंत्र माना जाता है बल्कि इसमें कई अनगिनत फायदे भी छुपे होते हैं जो हमें अपने जीवन में सकारात्मक दिशा दिखाने में मदद कर सकते हैं।

जब भी हम पूजा की शुरुआत करते हैं या किसी भी आध्यात्मिक कथा का वाचन करते हैं तो शंख की ध्वनि पूजा को सफल बनाने में मदद करती है। शंख को हिन्दू साहित्य में 'पांचजन्य' के नाम से भी जाना जाता है जो महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण का शंख था। उसी समय से शंख को घर के मंदिर का एक विशेष उपकरण माना जाने लगा और पूजन में इसका इस्तेमाल होने लगा।

### घर के मंदिर में शंख रखने से शांति मिलती है

हिन्दू धर्म में शंख को ध्यान और साधना का साधन माना जाता है और इसे पूजा में इस्तेमाल करने से मन को शांति मिलती है और यह आत्मा के साथ मेलजोल होने का अनुभव कराता है। इससे व्यक्ति को ध्यान लगाने में मदद मिलती है और आत्मा की का परमात्मा के साथ मिलन होता है। शंख को पूजा और आराधना के लिए उपयुक्त साधन माना जाता है और इसे पूजा सामग्री में शामिल किया जाता है। जब हम इसे पूजा में इस्तेमाल करते हैं तो घर का वातावरण शुद्ध होता है और आत्मा का संबंध मजबूत होता है।

### पूजा के समय शंख बजाने के लाभ



पूजा के समय शंख (शंख रखने के नियम)बजाने से घर का वातावरण शुद्ध होता है और इसकी ध्वनि किसी भी नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद करती है। शंख बजाने से शरीर को भी शांति मिलती है और शरीर के सभी चक्र नियंत्रित होते हैं। ऐसा माना जाता है कि शंख बजाने से शरीर के सात चक्रों को संतुलित करने में मदद मिलती है और इसकी ध्वनि जब कान में गूंजती है तो ये शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है।

घर के मंदिर में शंख रखने से पूजा में ध्यान केंद्रित होता है और जब व्यक्ति पूजन करता है तो वह ईश्वर पर ध्यान लगा पाता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वैश्विक बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में शीर्ष पर पहुंची डिज्नी



घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाला डिज्नी अब एक और नया रिकॉर्ड बना चुका है। ताजा अनुमानित रिपोर्ट्स के अनुसार वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। कुल मिलाकर, डिज़्नी की विश्वव्यापी कमाई अब 506 करोड़ डॉलर तक पहुंच गई है। इसमें 205.4 करोड़ डॉलर उत्तरी अमेरिका और 300.6 करोड़ डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस से आए हैं। डिज्नी का दावा है कि 2024 में यह मील का पत्थर पार करने वाला यह एकमात्र स्टूडियो है। यह पहली बार है जब किसी भी स्टूडियो ने 2019 के बाद से वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार किया है। अगर आंकड़ों पर ध्यान दिया जाए तो यह छठी बार है जब डिज्नी ने 2010 के बाद वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर की कमाई की है।

इस साल डिज्नी के लिए सबसे बड़ी फिल्म पिक्सर की 'इनसाइड आउट 2' रही, जो अब तक 169.9 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह फिल्म न केवल इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बनी है, बल्कि यह दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म भी बन गई है। इसके बाद 'मार्वल' की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' है, जिसने 138.8 करोड़ डॉलर की कमाई की है। यह अब तक की सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली आर-रेटेड फिल्म साबित हुई है। इसके अलावा हाल ही में रिलीज हुई 'मोआना 2' ने रविवार तक अनुमानित 71.9 करोड़ डॉलर की कमाई की है।

### टॉलीवुड

## एक्शन करने वाले अजित जबर्दस्त डांस करते आए नजर, सोशल मीडिया पर छाया वीडियो



अजित कुमार की गिनती तमिल फिल्मों के सबसे बड़े सितारों में होती है। हाल ही में वह एक शादी समारोह में शामिल हुए थे, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेता अपनी एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपने डांस से तहलका मचा दिया है।

वायरल वीडियो में अजित कुमार को 'ओ अंटावा' गाने पर जबर्दस्त डांस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में अजित शादी के आयोजन में शिरकत करते हुए दिल खोलकर नाचते दिख रहे हैं। उन्होंने शादी के इस मौके पर ब्लैक टक्सीडो पहना था। इस वीडियो में अजित ने 'पुष्पा' के गाने पर समंथा और अल्लू अर्जुन की ऊर्जा को अपनाया और उसमें अपना खास स्टाइल ऐड किया। अजित के साथ शादी में शामिल अन्य मेहमान भी उनके साथ डांस करते हुए दिखे। इस वीडियो ने अजित, अल्लू अर्जुन, समंथा और 'पुष्पा' फ्रेंचाइजी के फैंस को खुश कर दिया है।

'पुष्पा' की बात करें तो इस फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचा है। पहली फिल्म 'पुष्पाः द राइज' ने तेलुगू और हिंदी दोनों भाषाओं में जबर्दस्त सफलता हासिल की थी। इसका सीक्वल 'पुष्पा 2: द रूल' बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुई इस फिल्म ने खासतौर पर हिंदी भाषा में शानदार कारोबार किया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने क्रिसमस के दिन 'बेबी जॉन' से ज्यादा कमाई की। फिल्म के हिंदी संस्करण ने 15 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं, अन्य संस्करणों को मिलाकर फिल्म ने कुल 19.75 करोड़ का कारोबार किया। इस फिल्म का भारत में अब तक का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1109.85 करोड़ रुपये हो गया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो अजित अपनी आगामी फिल्मों में व्यस्त हैं।

### छालीवुड

## झारखंड-छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक रिश्तों को जोड़ेगी फिल्म 'लॉकडाउन के मया'




जमशेदपुर के चिकित्सा पेशे से जुड़े देवांगन परिवार का रिश्ता छत्तीसगढ़ की संस्कृति से भी है, वह यहीं के है लेकिन किन्हीं कारणों से झारखंड में रह रहे हैं। इस परिवार के डॉक्टर जे.के, देवांगन की मुलाकात जमशेदपुर के कार्यक्रम में अभिनेता करन खान से हुई तो वह उनसे इतना प्रभावित हुए की छत्तीसगढ़ी फिल्म बनाने का निर्णय लिया। लेकिन ऐसी कहानी की तलाश थी जो बिल्कुल अलग हो। इसी बीच कोरोना आ गया और सब घरों में कैद होने लगे इस विकट समय का उपयोग किया निर्देशक मोहम्मद हबीब ने, उन्होंने कोरोना में लगे लॉकडाउन पर एक स्क्रिप्ट तैयार की जो देवांगन परिवार को पसंद आई और उस पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया गया। इस फिल्म से स्नेहा देवांगन डेब्यू कर रही हैं, स्नेहा जे.के. देवांगन की बिटिया है, स्नेहा की मम्मी प्रतिमा देवांगन भी पूरे समय स्नेहा के साथ रही। फिल्म में मुख्य अभिनेता के रूप में शिवा साहू नजर आएंगे। इनके अलावा इस फिल्म में नितिन ग्वाला,क्रांति दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, नवीन देशमुख, संजू साहू, लता राही, कविता भारद्वाज समेत ढेरों कलाकारों ने अभिनय किया है। पूर्णतः पारिवारिक ड्रामा लिए यह फिल्म 15 मार्च को दर्शकों के बीच होगी। इस फिल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ के अलावा कोलकाता और जमशेदपुर में भी की गई है।

### सीजन-25 की तैयारी

दिसंबर महीने के जाते-जाते नए साल के लिए फैशन शो की तैयारियां ग्लोबल स्तर पर चरम पर पहुंच जाती है। न्यूयार्क फैशन वीक 2025 की तैयारी में रनवे पर मॉडल नजर आ रही हैं। हल्के कपड़ों और नरम पेस्टल टोन के साथ फैशन का प्रदर्शन करते हुए मॉडल को रिहर्सल के दौरान खूब तालियां मिली लेकिन असली परीक्षा जनवरी 2025 में होने वाले फैशन शो में होगी।




## सिर से बर्फ की तरह गिर रहा है डैंड्रफ तो राहत मिलेगी ऐसे



दिसंबर के महीने में मौसम की शुरुआत से ही त्वचा में कई बदलाव दिखने लगते हैं। जिस तरह से त्वचा को सर्दियों में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत पड़ती है, ठीक उसी तरह से सिर के स्कैल्प का भी सर्दियों में खास ध्यान रखना पड़ता है। अगर आप सही से सिर का ध्यान नहीं रखेंगे तो स्कैल्प में डैंड्रफ जमने लगता है।कई बार ऐसा होता है कि इसकी वजह से शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है।

इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप स्कैल्प पर जमी रूसी से छुटकारा पा सकते हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नीम के तेल में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल अपने सिर से डैंड्रफ को दूर भगाने के लिए कर सकते हैं।

प्याज के रस को स्कैल्प पर लगाने से भी डैंड्रफ कम हो सकता है। आप आसानी से घर पर बिना केमिकल वाला प्याज का रस निकाल सकते हैं। इसे बस आपको रुई की मदद से अपने सिर में लगाना है। मेथी को रातभर भिगोकर सुबह उसे पीस लें। अब इसे दही में मिलाकर अपने बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपको जरूर राहत मिलेगी। 10 नीम के पत्तों का पेस्ट लें और उसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। अब इसका इस्तेमाल आप अपने सिर पर जमे डैंड्रफ हटाने में कर सकते हैं। एक कटोरी में गुनगुना नारियल का तेल लेकर उसमें नींबू का रस मिलाएं। अब इसे अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं। इसकी मदद से आपके सिर का डैंड्रफ कम हो सकता है।

## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े






जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो जानिए कि किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

**पेस्टल रंगः** इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

**रॉयल ब्लूः** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**एमरॉल्ड ग्रीनः** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

**पर्पलः** वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

**मैटेलिक रंगः** अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

**ब्लैक रंगः** अगर बात करें काले रंग की तो ये रंग तो एवरग्रीन है। आप इसे ऑफिस से लेकर क्लब तक में पहनकर धमाल मचा सकती हैं। शादी के दिन भी ये रंग काफी रॉयल लुक देता है।

**व्हाइट रंगः** चाहे कितने भी रंग-बिरंगे कपड़े पहन लो, लेकिन अगर बात सफेद रंग की आती है, तो इसका लुक अलग ही देखने को मिलता है। ऐसे में आप इस रंग का कम से कम एक आउटफिट अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

## गर्म ऊनी कपड़ों की ऐसे करें केयर सालों तक बिल्कुल नहीं होंगे खराब



सर्दी के सीजन में गर्म कपड़ों को सही तरीके से पहनने के साथ उनकी केयर भी करनी होती है। तब जाकर ऊनी कपड़ों के रेशे, कलर फेड और लूज होने से बचा सकते हैं। इसलिए ऊनी कपड़ों का ख्याल रखना जान लेना चाहिए। ऊनी या सर्दी के कपड़े (स्वेटर, जैकेट, ब्लेजर आदि) काफी महंगे होते हैं। इनको हर साल खरीद नहीं सकते हैं। इसलिए आपको विंटर ड्रेस केयर टिप्स जान लेना जरूरी है ताकि हम पैसों के साथ कपड़ों को भी बचा सकें।

### विंटर ड्रेस न करें शेयर

सर्दी के कपड़े ही नहीं कोई भी ड्रेस शेयर नहीं करनी चाहिए। खासकर ऊनी कपड़ों को न दें क्योंकि इस कारण ड्रेस लूज हो सकती है। इसके कई कारण हैं। जैसे- यदि उस व्यक्ति को कपड़े को खींचकर पहनने की आदत हो या उसका बॉडी साइज बड़ा हो तो इस कारण कपड़ा लूज हो सकता है। इसलिए अपनी ड्रेस किसी और को पहनने न दें।

### पहनकर न सोएं गर्म कपड़े

सर्दी के मौसम में आलस्य बढ़ जाता है। एक बार गर्म कपड़ों को पहनने के बाद उतारने का मन नहीं करता है। इसी वजह से कई लोग स्वेटर, जैकेट को पहनकर सो जाते हैं। ऊनी कपड़ों पर रेशे के आने का यह मुख्य कारण है। अगर आप अपने ऊनी कपड़ों को सही रखना चाहते हैं तो कभी भी पहनकर न सोएं।

कपड़े को सोने से पहले उतार दें और उसे हैंगर में टांग दें। अगर उसको तकिये के पास या ऐसे ही कहीं फेंक देंगे तो उसकी वजह से भी कपड़े खराब होंगे। इसलिए ऊनी कपड़ों को उतारकर रख दें और तब सोने जाएं।

कई लोगों को कपड़ों को बार-बार धोने की आदत होती है। जबकि ऊनी कपड़ों को बार-बार धोने की जरूरत नहीं है।

## वेडिंग फंक्शन के लिए बेस्ट रहेंगे ये सिंपल आई मेकअप, जानें इन्हें करने का तरीका



मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है। वहीं रोजाना से लेकर हम किसी भी फंक्शन तक में जाने के लिए कई तरीके के लुक्स को री-क्रिएट करते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स रोजाना मार्केट में कुछ न कुछ नया लेकर आते ही रहते हैं, लेकिन मेकअप करने की कुछ तकनीक आज भी वही है। वेडिंग फंक्शन में जाने के लिए खासकर मेकअप समय के हिसाब से किया जाता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ आई मेकअप जिन्हें आप आसानी से किसी भी शादी व फंक्शन में ट्राई कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।

### न्यूट्रल मेकअप लुक

अगर आप सटल कलर कॉम्बिनेशन के मेकअप लुक्स को कैरी करना पसंद करती हैं तो इस तरह के लाइट ब्राउन मेकअप लुक को चुन सकती हैं। इस तरीके का मेकअप लुक आप दिन या रात की शादी के लिए चुन सकती हैं। देखने में इस तरीके का मेकअप काफी सोबर लुक देने में मदद करता है। वहीं बेस के लिए आप ड्युई मेकअप लुक को चुनें। ऐसा करने से आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा।

### स्मोकी आई मेकअप

देखने में यह काफी बोल्ड लुक नजर आता है। वहीं इस तरह के आई मेकअप को क्रिएट करने के लिए आप ब्लैक कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आप बिल्कुल न्यूड कलर को चुन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### अलग-अलग डिजाइन में लेटेस्ट फैशन अपनाना समझदारी भरा कदम

## रिसेप्शन पार्टी में वियर करें साड़ी लोगों की नजरें नहीं हटेंगी आप से

*रिसेप्शन पार्टी में सबसे अलग दिखने के लिए साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। आजकल इंडो वेस्टर्न का फैशन काफी ट्रेंड में है इसे हर कोई स्टाइल करना पसंद करता है। लेकिन साड़ी भी आजकल लड़कियों को पहनना काफी पसंद होती हैं। इसमें अलग-अलग डिजाइंस मिल जाते हैं, जिन्हें आप अपने हिसाब से वियर कर सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए भी आपको साड़ी में अलग-अलग डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप सबसे सुंदर लगेंगी। चलिए देखते हैं लेटेस्ट डिजाइन।*



### रेड नेट फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी

अगर आपको एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी स्टाइल करना पसंद बै तो इसके लिए आप इस रेड साड़ी लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी। इसमें वन वर्क मिलता है, साथ ही दिखने में हैवी लगती है लेकिन पहनने के बाद स्टाइलिश लगती है। आजकल इसका काफी ट्रेंड चल रहा है। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज वियर करें। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में खरीदी जा सकती है। इस साड़ी के साथ आप ग्लॉसी मेकअप लुक और ओपन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।



### सीक्वेंस वर्क साड़ी

साड़ी में आजकल सीक्वेंस वर्क भी काफी ट्रेंड में है ये भी काफी क्लासी और अच्छा लगता है। आजकल के ट्रेंड के हिसाब से इसमें (साड़ी लुक) आप लैवेंडर कलर ले सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए ये काफी अच्छा साड़ी का ऑप्शन है। मार्केट में इस डिजाइन और कलर के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप 1000 से 2000 में खरीद सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क ज्वेलरी और बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### फ्लेयर साड़ी

अगर आपको इंडियन के साथ-साथ वेस्टर्न लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप फ्लेयर साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। ये काफी (शिल्पा शेट्टी साड़ी लुक) क्लासी लगती हैं साथ ही लुक को परफेक्ट बनाती हैं।

